# टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

TNF TODAY

tnftoday    tnftoday

www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition


आटा और आटा उत्पादों के 16 नमूने लिए... (पेज-3)

पृष्ठ- 08 | वर्ष-01 अंक-33 | मूल्य ₹7 | शनिवार | दिनांक- 01.08.2026

आईबी अधिकारी अंकित शर्मा हत्याकांड

## ताहिर हुसैन समेत पांच को उम्रकैद

एजेंसी, नई दिल्ली।



दिल्ली दंगों के दौरान हुए आईबी अधिकारी अंकित शर्मा हत्याकांड में कड़कड़डूमा कोर्ट में पूर्व आम आदमी पार्टी पार्षद ताहिर हुसैन समेत अन्य चार दोषियों की सजा का एलान कर दिया है। कोर्ट ने पांचों दोषियों ताहिर हुसैन, नजीर, आसिम, जावेद और अनास को उम्र कैद की सजा सुनाई है। अंकित की हत्या 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में भड़के दंगे के दौरान कर दी गई थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने हुसैन को आईपीसी की धारा 188, 153ए, 147, 148, 149, 365 और 302 के तहत दोषी ठहराया है। हालांकि आईपीसी की धारा 120बी और 129 के तहत बरी कर दिया गया था।

ताहिर हुसैन, नजीर, आसिम, जावेद और अनास को छोड़कर इस मामले में अन्य तीन अभियुक्तों को जमानत मिल गई। हुसैन की जमानत याचिका पिछले साल सितंबर में हाई कोर्ट ने खारिज कर दी थी। यह मामला दयालपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर से संबंधित है। अंकित के पिता की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई थी। दंगों के दौरान जब उनका बेटा लापता हो गया था, तब उन्होंने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अंकित का शव बाद में एक नाले से बरामद हुआ। इसके बाद उन्हें जीटीबी अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### क्या था मामला

वर्ष 2020 में नागरिकता संशोधन कानून के समर्थकों और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसा के बाद 24 फरवरी, 2020 को उत्तर-पूर्वी दिल्ली में सांप्रदायिक झड़पें हुईं, जिसमें कम से कम 53 लोग मारे गए और कई घायल हो गए थे। इसी दौरान जब अंकित शर्मा आरोपियों को शांत करने और उनसे कानून हाथ में नहीं लेने का आग्रह कर रहे थे। तभी उन्हें पकड़ लिया गया और उनकी जान लेने के बाद शव नाले में फेंक दिया गया था।

## 'कोठी मीना बाजार' नहीं, ये है शिवाजी का कैद स्थल

### उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सरकार मिलकर करेंगी शिवाजी स्मारक स्थल का विकास







टीएनएफ टुडे, आगरा।

इतिहास के पन्नों में दबा एक और सच अब सामने आ गया है। ऐतिहासिक तथ्यों और जयपुर राजपरिवार के राजस्व अभिलेखों से पुष्टि हुई है कि आगरा की कोठी मीना बाजार वही स्थान है, जहां औरंगजेब ने छल से छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके पुत्र संभाजी को कैद कर नजरबंद रखा था। यहीं से शिवाजी ने अपनी बुद्धि, साहस और अद्भुत योजना से मुगल कैद तोड़कर इतिहास रच दिया था।

इस ऐतिहासिक तथ्य को उजागर करने में सन 2018 से उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय जुटे थे। इतिहासकार प्रो. सुगम आनंद और स्व. डॉ. अमी आधार निडर के शोध प्रयासों से यह प्रमाणित हुआ कि मिर्जा राजा जयसिंह के पुत्र रामसिंह का यही आवासीय स्थल शिवाजी की कैदगाह था। योगेंद्र उपाध्याय का कहना है कि दुर्भाग्य से पिछली सरकारों ने इस प्रेरणादायी स्थल पर न कोई स्मारक बनाया और न ही इसकी खोज की। अब इस स्थान को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत और महाराष्ट्र से उत्तर भारत तक एकात्मकता का प्रतीक बनाया जाएगा।

इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने मुंबई प्रवास के दौरान महाराष्ट्र के संस्कृति मंत्री आशीष शेलार से उनके मालाबार स्थित आवास पर मुलाकात की। उन्होंने शेलार को आगरा आकर स्थल का निरीक्षण करने और विकास की रूपरेखा तैयार करने का आमंत्रण दिया। बैठक में महाराष्ट्र भाजपा नेता सुनील सिंह भी मौजूद रहे। मंत्री ने छत्रपति शिवाजी के यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त 12 किलों के इतिहास पर आधारित पुस्तक भी भेंट की। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मंत्री आशीष शेलार ने पहले ही आश्वस्त किया है कि महाराष्ट्र सरकार उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर इस स्मारक स्थल को भव्यता प्रदान करेगी। अब यूपी और महाराष्ट्र सरकार के संयुक्त प्रयासों से कोठी मीना बाजार को राष्ट्रीय स्मारक के रूप में विकसित करने की तैयारी है। ताकि शिवाजी महाराज के शौर्य का यह प्रतीक देश-दुनिया के सामने आ सके।

## मुस्लिम नहीं कर सकेंगे एक से ज्यादा शादी?

एजेंसी, नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय में बहुविवाह की प्रथा को असंवैधानिक घोषित करने की मांग वाली याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब तलब किया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने महिला अधिकार कार्यकर्ता जकिया सोमन, नूरजहां सफिया नियाज और अन्य की याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया। अदालत ने इस याचिका को पहले से लंबित समान मामलों के साथ जोड़ दिया है। याचिका में कहा गया है कि यह प्रथा संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 का उल्लंघन करती है।

### क्या है याचिका की मुख्य मांग?

याचिका में मांग की गई है कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 82, जो द्विविवाह (बिगैमी) को दंडनीय अपराध मानती है, उसे सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू किया जाए। इसके लिए मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत मिलने वाली छूट को समाप्त करने की मांग की गई है। याचिकाकताओं ने केंद्र सरकार से कानून बनाकर बहुविवाह की प्रथा को समाप्त करने और इसे शुरूआत से ही अमान्य (वॉइड एब इनिशियो) घोषित करने की मांग की है। उनका कहना है कि कानून सभी धर्मों के नागरिकों के लिए समान होना चाहिए।

### मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों को लेकर क्या मांगें उठाई गईं?

याचिका में मुस्लिम महिलाओं के कानूनी अधिकार और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई अन्य निर्देश भी मांगे गए हैं। इसमें सभी मुस्लिम विवाह और तलाक का राज्य सरकारों के पास अनिवार्य पंजीकरण कराने की मांग शामिल है, ताकि गुप्त रूप से दूसरी शादी करने की घटनाओं पर रोक लग सके। इसके अलावा पहली पत्नी और उसके बच्चों को वैवाहिक घर में तत्काल अधिकार देने तथा बहुविवाह से जुड़े मामलों में भरण-पोषण के लिए फास्ट ट्रैक व्यवस्था बनाने की भी मांग की गई है। याचिका अनुच्छेद 32 के तहत जनहित में दाखिल की गई है, जिसका उद्देश्य मुस्लिम महिलाओं के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना बताया गया है।

पीओजेके में कार्रवाई पर

## भारत का पाकिस्तान पर हमला

एजेंसी, नई दिल्ली।

भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ की गई कथित कड़ी कार्रवाई को लेकर पाकिस्तान पर निशाना साधा है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान की कार्रवाई की जांच करने और उसे जवाबदेह ठहराने की अपील की है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में हाल के दिनों में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ 'निर्दय बल' का इस्तेमाल किया गया।

### पीओजेके में 40 से ज्यादा लोगों की मौत का दावा

जायसवाल के मुताबिक, पीओजेके में बढ़ती महंगाई, प्रशासनिक उपेक्षा, राजनीतिक भेदभाव और अल्पसंख्यकों के खिलाफ कथित अत्याचारों को लेकर विरोध प्रदर्शन तेज हुए हैं। उन्होंने कहा कि 27 जुलाई से स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान हुई सुरक्षा कार्रवाई में 40 से अधिक नागरिकों की मौत हुई है और कई लोग घायल हुए हैं। इन प्रदर्शनों का नेतृत्व Joint Awami Action Committee (JAAC) कर रही है।



भारत ने कहा कि पीओजेके के लोगों ने इन मौतों की स्वतंत्र जांच के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अपील की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान की कार्रवाई पर नजर रखनी चाहिए और कथित अत्याचारों के लिए उसे जवाबदेह ठहराना चाहिए।

### भारत ने 'मुजाहिदीन' को लेकर पाकिस्तान पर साधा निशाना

जायसवाल ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के राजनीतिक मामलों के विशेष सहायक के कथित बयान का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के प्रतिष्ठान ने जिन 'मुजाहिदीन' को भारत के खिलाफ इस्तेमाल करने के लिए प्रशिक्षित, हथियारबंद और वित्त पोषित किया, वही अब पाकिस्तान के खिलाफ हथियार उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बयान पाकिस्तान की नीतियों और उसके द्वारा लंबे समय से अपनाए गए आतंकवाद से जुड़े दृष्टिकोण पर गंभीर सवाल खड़े करता है। भारत ने यह भी आरोप लगाया कि PoJK के लोगों के प्रति पाकिस्तान के प्रतिष्ठान में 'पूर्ण उदासीनता' दिखाई दे रही है। जायसवाल ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की कथित टिप्पणी का भी जिक्र किया, जिसमें प्रदर्शनकारियों को 'दुश्मन' बताया गया था।

### 'पूरा जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा'

जम्मू-कश्मीर को लेकर भारत ने एक बार फिर अपनी स्थिति स्पष्ट की। रणधीर जायसवाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का पूरा क्षेत्र, जिसमें जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं, भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है। उन्होंने कहा कि भारत की स्थिति स्पष्ट है कि ये क्षेत्र पहले भी भारत का हिस्सा थे, आज भी भारत का हिस्सा हैं और आगे भी भारत का हिस्सा बने रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय साझेदारों और संबंधित पक्षों से इस क्षेत्र के लिए भारत के अनुसार सही नाम और शब्दावली का इस्तेमाल करने की अपील की।

### न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट पर भी भारत ने जताई आपत्ति

यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत ने न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लिए 'पाकिस्तानी कश्मीर' शब्द के इस्तेमाल पर आपत्ति जताई थी। अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अखबार की हेडलाइन को 'भ्रामक और गलत' बताते हुए कहा था कि 'Pakistanii Kashmir' नाम का कोई क्षेत्र नहीं है, बल्कि यह Pakistani-occupied Kashmir है। भारत ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर के संबंध में इस्तेमाल की जाने वाली शब्दावली देश की संप्रभुता और उसके आधिकारिक रुख के अनुरूप होनी चाहिए।

## असम में बाढ़ से मौतों का आंकड़ा 80 पहुंचा

**गुवाहाटी।** असम में बाढ़ की स्थिति धीरे-धीरे सुधर रही है, लेकिन संकट अभी पूरी तरह टला नहीं है। पिछले 24 घंटे में शिवसागर जिले में दो और लोगों की मौत के बाद इस साल बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 80 हो गई है। इनमें एक बच्चा भी शामिल है, जिसकी बाढ़ के पानी में डूबने से मौत हुई। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, शुक्रवार को राज्य के आठ जिलों में 2,12,400 लोग अब भी बाढ़ से प्रभावित हैं और 437 गांव जलमग्न हैं। सबसे अधिक असर चराइदेव जिले में है, जहां करीब 80 हजार लोग प्रभावित हैं। शिवसागर में लगभग 71 हजार और जोरहाट में 40 हजार से अधिक लोग बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य के 21 राजस्व मंडल भी प्रभावित हैं। चार जिलों में 112 राहत शिविर और राहत वितरण केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जहां 75,583 विस्थापित लोगों ने शरण ले रखी है। सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), अग्निशमन विभाग, पुलिस और प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हैं।

### प्रभावित परिवारों को 15 हजार रुपये

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने शुक्रवार को राहत और पुनर्वास के लिए कई घोषणाएं कीं। बाढ़ प्रभावित परिवारों को 2 और 3 अगस्त से तत्काल 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

## 'देश चलाना है तो कानून भी बनेंगे'

### संसद में प्रदर्शन पर सख्त रिजिजू; बोले- 'पूरा समय दिया, अब शिकायत क्यों?'

एजेंसी, नई दिल्ली।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के उन आरोपों को खारिज किया है जिसमें विपक्ष ने आरोप लगाया था कि सरकार ने बिना चर्चा किए नए बिलों को संसद से पास करा दिया। विपक्ष के इन आरोपों का जवाब देते हुए रिजिजू ने कहा कि ऐसे आरोप कोई नई बात नहीं हैं। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल लगातार इस तरह के आरोप लगाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता सूचीबद्ध विधेयकों को पारित कराना और संसद के तय कामकाज को पूरा करना है। आखिर देश को आगे बढ़ाने के लिए कानून बनाने पड़ते हैं।

### संसद चलाने का उद्देश्य ही क्या रह जाएगा?

संसद को बजट और अन्य महत्वपूर्ण मामलों को भी मंजूरी देनी होती है। अगर लगातार हंगामे के कारण सरकार जरूरी विधेयक भी पारित नहीं करा पाए, तो फिर संसद चलाने का उद्देश्य ही क्या रह जाएगा? उन्होंने कहा कि सरकार विधेयक पारित कराती रहेगी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि विपक्ष बाद में यह आरोप न लगाए कि बिना चर्चा के बिल पारित किए गए, क्योंकि चर्चा के लिए पर्याप्त समय दिया गया है।



### क्या संसद वेशभूषा बदलने की जगह है?

सांसद पप्पू यादव के विरोध-प्रदर्शन के तरीके पर किरेन रिजिजू ने कहा कि लोकसभा स्पीकर पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि संसद वेशभूषा बदलकर प्रदर्शन करने का मंच नहीं है। उन्होंने कहा कि सांसदों को अपनी गरिमा और गंभीरता बनाए रखनी चाहिए। अगर कोई सांसद है, तो उसका व्यवहार भी उसी गरिमा के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद नाटकबाजी की जगह नहीं है और स्पीकर इस बारे में पहले ही अपना रुख स्पष्ट कर चुके हैं, इसलिए उन्हें इसे दोहराने की जरूरत नहीं है।

### बार-बार चुनाव हारने वाली पार्टियां संसद में बाधा डाल रही हैं?

रिजिजू ने कहा कि उनका मानना है कि जो राजनीतिक दल लगातार चुनाव हार रहे हैं, उन्हें दूसरों या छात्रों के मुद्दों को ढाल बनाकर संसद की कार्यवाही बाधित नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई दल ईमानदारी से मेहनत करेगा, तो जनता निश्चित रूप से उसका समर्थन करेगी। लेकिन मेहनत करने के बजाय इस तरह का व्यवहार अपनाने से जनता का विश्वास हासिल नहीं किया जा सकता। उनके मुताबिक, ऐसी राजनीति को लोग गंभीरता से नहीं लेते।

### कौन-सा विधेयक सरकार के लिए सबसे ज्यादा अहम है?

रिजिजू ने कहा कि सरकार के लिए हर विधेयक महत्वपूर्ण है। उदाहरण के तौर पर उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने से जुड़े विधेयक का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे कई महत्वपूर्ण बिल लंबित हैं, जिन्हें संसद से पारित कराना बेहद जरूरी है। इसलिए सरकार चाहती है कि सदन सुचारु रूप से चले और सभी आवश्यक विधायी कार्य समय पर पूरे हों।

पाकिस्तान में बड़ा हादसा

## कोयला खदान ढहने से 34 से ज्यादा मजदूरों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा के बाहरी इलाके में गुरुवार को एक कोयला खदान में विस्फोट हो गया, जिसमें कम से कम 34 खनिकों की मौत हो गई और 10 अन्य खनिक अभी भी फंसे हुए हैं। बलूचिस्तान के खान और खनिज विकास मंत्री शोएब नोशेरवानी ने रॉयटर को बताया कि धमाके के समय कॉम्प्लेक्स के ढहे हुए हिस्से में 36 लोग मौजूद थे। सरकारी खान निरीक्षक गनी बलोच के अनुसार विस्फोट मीथेन गैस के जमाव के कारण हुआ। विस्फोट के कुछ घंटों बाद सात शव निकाले गए और बाद में 25 और शव मिले। बचाव कार्य अभी भी जारी है। अधिकारियों का कहना है कि मीथेन गैस विस्फोट के बाद ऑक्सीजन का स्तर लगभग शून्य हो जाता है, इसलिए जीवित मिलने की संभावना बहुत कम है। प्रांत में खानों के मुख्य निरीक्षक मुहम्मद आतिफ ने बताया कि 4,000 फीट (1,219 मीटर) की गहराई पर बचाव कार्य चल रहा था। उन्होंने कहा कि हमें कुछ खनिकों के जीवित मिलने की उम्मीद है, लेकिन संभावना कम है।

## चंबल से लुप्त हुए डाकू..... दुर्लभ प्रजातियों को मिला नया जीवन

### संरक्षण के सुखद रहे परिणाम, चंबल सेंक्चुअरी की प्राकृतिक खूबसूरती में इंडियन स्किमर, घड़ियाल, मगरमच्छ, डॉल्फिन के बढ़े कुनबे ने लगाए चार चांद, सिर्फ चंबल में बचे हैं बटागुर कछुए

टीएनएफ टुडे, बाह।





चंबल के जिस बीहड़ में पुतलीबाई, मानसिंह से लेकर जगन गुर्जर तक की दहशत थी, वक्त की करवट के साथ डाकू लुप्त हो गये, चंबल की खूबसूरत गोद दुनिया में लुप्तप्रायः जीव-जंतुओं के लिए जीवन रेखा बन कर उभरी है। दुर्लभ प्रजातियों के घड़ियाल, मगरमच्छ, इंडियन स्किमर, बटागुर कछुए एवं डॉल्फिन के बढ़े कुनबे ने प्राकृतिक खूबसूरती को चार चांद लगा दिए हैं। 1979 में 3 राज्यों मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान में होकर बहने वाली चंबल नदी को लुप्तप्रायः घड़ियालों के संरक्षण के लिए चुना गया था। उस समय घड़ियालों की आबादी 250 थी, जो अब 11 फीसदी से ज्यादा बढ़कर 2938 हो गई है। एक साल में मगरमच्छ 928 से बढ़कर 1512 हो गये हैं। इंडियन स्किमर, जो 2015 में लुप्तप्राय स्थिति में थे, उनकी आबादी 224 से बढ़कर 1000 हो गई है। 5 अक्टूबर 2009 में डॉल्फिन के संरक्षण के लिए साफ पानी वाली चंबल नदी को चुना गया। एक साल में डॉल्फिन की आबादी 111 से बढ़कर 155 हो गई है। बटागुर कछुओं की साल एवं ढोर प्रजाति की 500 से ज्यादा मादाएं प्रजनन कर रही हैं। संरक्षण के परिणाम सुखद रहे हैं। नदी में दोनों दुर्लभ प्रजातियां अपना कुनबा बढ़ा रही हैं। टीएनएफ टुडे ने चंबल का दौरा किया और चंबल नदी में दुर्लभ इंडियन स्किमर एवं बटागुर कछुओं की लुप्तप्रायः प्रजातियों के पुनरुद्धार को देखा। चंबल में जलीय और स्थलीय जीव-जंतुओं को स्वतंत्र रूप से विचरण करते देख पर्यटक न केवल प्रसन्न होते हैं, वरन आश्चर्य में भी पड़े बिना नहीं रहते। बाह के रेंजर कुलदीप सहाय पंकज ने बताया कि बाह रेंज में भी एक वर्ष में जलीय एवं वन्यजीवों की आबादी में हुई उल्लेखनीय वृद्धि विभाग के लिए उत्साहजनक रही है। बीहड़ में चीतल, सांभर, तेंदुए भी अपना कुनबा बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि न केवल नदी बल्कि चंबल की घाटियां भी वन्यजीवों के लिए अनुकूल आवास साबित हो रही हैं। मानव वन्यजीव संघर्ष टालने के लिए नियमित रूप से नदी क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरुक किया जा रहा है।

ईको टूरिज्म का हब बन रहीं बीहड़ की बदनाम वादियां- बीहड़ की डकैतों के लिए बदनाम वादियां ईको टूरिज्म का हब बनकर उभर रही हैं। चंबल की प्राकृतिक खूबसूरती में गूंजता चिड़ियों का मधुर कलरव, जलीय जीवों की अठखेलियां एवं वन्यजीवों का रोमांच इंग्लैंड, फ्रांस, अमेरिका, जर्मनी आदि देशों के पर्यटकों को खींचकर ला रहा है। पर्यटकों को चंबल का भ्रमण कराने वाले नेचुरलिस्ट गजेन्द्र सिंह डागर ने बताया कि विदेशी पर्यटक चंबल की वादियों में उड़ान भरती देशी, विदेशी चिड़ियों के गूंजते कलरव, जलक्रीड़ा करते घडियाल, मगरमच्छ को देखकर आश्चर्य में पडे. बिना नहीं रहते हैं। चंबल सफारी जरार के निदेशक आरपी सिंह ने बताया कि चंबल में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। पर्यटक आएंगे तो स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। बाह के रेंजर कुलदीप सहाय पंकज ने बताया कि जल में मगरमच्छ एवं बीहड़ में तेंदुए के हमले को लेकर जागरुकता फैलाने के लिए 60 वन समितियां बनाई हैं। मानव वन्य जीव संघर्ष टालने को ग्रामीणों को जागरुक करने के साथ दुर्लभ हुए जीवों के संरक्षण के लिए विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर प्रेरित किया गया है।

### चंबल में बढ़ रहा दुर्लभ प्रजातियों का कुनबाः एक नजर-

| प्रजातियां | 2023 | 2024 | 2025 |
|---|---|---|---|
| भारतीय स्किमर | 740 | 843 | 1000 |
| घड़ियाल | 2108 | 2456 | 2938 |
| मगरमच्छ | 878 | 928 | 1512 |
| डॉल्फिन | 96 | 111 | 155 |

# पशु चोर गिरोह के 6 बदमाश पकड़े

## पुलिस ने दो भैंस, मैक्स और रुपये बरामद किए

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।



थाना डौकी पुलिस व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में अंतर्जनपदीय गैंग के 6 पशु चोर पकड़े गए हैं। दो भैंस, मैक्स मोबाइल तथा पैसे बरामद हुए हैं। गिरोह का सरगना कासगंज पुलिस मुठभेड़ में एक दिन पहले ही पकड़ा गया था।

सहायक पुलिस आयुक्त फतेहाबाद इमरान अहमद ने बताया कि थाना डौकी, बमरौली कटारा, इरादत नगर में पशु चोरी की शिकायतें मिल रही थी। जिसमें मुकदमें दर्ज हुए थे। शुक्रवार को सर्विलांस सेल पूर्वी जोन व थाना डौकी पुलिस के द्वारा क्षेत्र में चेकिंग की जा रही थी तो मुखबिर ने बताया कि एक मैक्स गाड़ी जिसमें भैंस भरी हुई है। वाजिदपुर अंडरपास के निकट खड़ी है तभी पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर उनको पकड़ लिया गया जिसमें दिलखुश पुत्र सन्तरा निवासी बड़ाहार थाना घिरोर, अफजाल पुत्र वेदल निवासी मोहल्ला प्रेम चिरैइया थाना भोगांव मैनपुरी, गफ्फार अली पुत्र सत्तार निवासी गांव महमूद नगर बड़ी खानका के पीछे थाना कोतवाली, कलुआ पुत्र भूरा निवासी हजारगंज मोहल्ला थाना भोगांव मैनपुरी, चाहतअली पुत्र गलुआ निवासी प्रेम चिरैइया मोहल्ला आशिक की कोठी के पास भोगांव मैनपुरी, उल्फान उर्फ अण्डी पुत्र रहीस निवासी मैनपुरी रोड चमन नगरिया डेरा थाना अलीगंज एटा को पकड़ा गया। जिनके पास से दो भैंस एक मैक्स एक मोबाइल व 740 रुपए बरामद हुए। पूछताछ करने पर चोरों ने बताया कि एक भैंस डौकी क्षेत्र से चोरी की थी तथा एक भैंस 15 दिन पहले थाना इरादतनगर से चोरी की थी। जिन्हें इरादतनगर पेठ में बेचने जा रहे थे। वहीं उनके द्वारा थाना बमरौली कटारा में दो अलग-अलग जगहों से भैंस चोरी करना स्वीकार किया था।

### किराए पर लेते थे मैक्स गाड़ी

पुलिस पूछताछ में पशु चोरों ने बताया कि वह 2 दिन के लिए मैक्स गाड़ी किराए पर लेते थे और चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के बाद उसे भाड़े सहित गाड़ी को वापस कर देते थे। जहां यह मैक्स गाड़ी गफ्फार अली पुत्र सत्तार की है जिसे 20000 रुपए में किराए पर लिया था। जहां गाड़ी मालिक भी पकड़ा गया है। वह चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के लिए एकाएक निकलते जाते थे। और जहां भी सुनसान देखते थे वहीं पर पशुओं को उठाकर गाड़ी में लाभ देते थे संख्या अधिक होने के कारण पशु को आसानी से गाड़ियों में लाद दिया करते थे।

### रफीक था गैंग का सरगना

एक दिन पूर्व कासगंज पुलिस व एसओजी टीम के द्वारा 25000 के इनामी रफीक को मुठभेड़ में पकड़ा गया था। जिसके पैर में गोली लगी है, वहीं इस गैंग को लीड करता था। गैंग के सदस्य दिलखुश के खिलाफ विभिन्न थानों में पशु चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। जहां कन्नौज में चार मुकदमें तथा अन्य थानों में भी इसके खिलाफ मुकदमें दर्ज हैं।

# ट्रक की चपेट में आने से साधु घायल

**पिनाहट।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में विकलांग साधु गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें आगरा रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, फतेहाबाद स्थित कबीरदास आश्रम निवासी राम बहादुर पुत्र गगन देव शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे मोटरसाइकिल से हरिसिंह की ठार से पिनाहट की ओर आ रहे थे। विप्रावली तिकोनिया के पास सामने से गुजर रहे एक अज्ञात ट्रक के टायर की चपेट में उनका हाथ आ गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पिनाहट ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां घायल की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

## हक के लिए शिक्षकों ने बुलंद की आवाज

# पुरानी पेंशन सहित 14 सूत्रीय मांगों को लेकर माध्यमिक शिक्षकों का धरना

टीएनएफ टुडे, आगरा।



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (पाण्डेय गुट) के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर शुक्रवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में पुरानी पेंशन बहाली एवं शिक्षकों की 14 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी एकजुटता का परिचय दिया।

मुख्य अतिथि एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. भोज कुमार शर्मा ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, सेवा सुरक्षा, समयबद्ध पदोन्नति, वित्तविहीन शिक्षकों के अधिकार और सम्मानजनक सेवा-शर्तें किसी वर्ग विशेष की नहीं, बल्कि पूरे शिक्षक समाज की साझा मांग हैं। संगठन का संघर्ष किसी व्यक्ति या सरकार के विरुद्ध नहीं, बल्कि शिक्षक हितों के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का समाधान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था की पहली शर्त है। सरकार को इन न्यायोचित मांगों पर संवेदनशीलता के साथ शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। धरने में पुरानी पेंशन बहाली, शिक्षा सेवा अधिनियम-2023 में सेवा सुरक्षा एवं पदोन्नति संबंधी प्रावधानों की पुनर्स्थापना, वित्तविहीन शिक्षकों को सम्मानजनक मानदेय, तदर्थ शिक्षकों का विनियमितीकरण, एनपीएस से जुड़े लंबित प्रकरणों का निस्तारण, कैशलेस चिकित्सा सुविधा का विस्तार, त्रिस्तरीय सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष किए जाने सहित 14 सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। व्यावसायिक एवं कम्प्यूटर शिक्षकों को पूर्ण शिक्षक का दर्जा दिया जाए। कार्यक्रम के उपरांत संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन के नाम संबोधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक रविन्द्र पाल सिंह तौमर को सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मी रानी शर्मा जिला अध्यक्ष ने की। इस अवसर पर जसवंत सिंह, डॉ. अरुण कुमार गौतम, रामवीर सिंह, शिव ज्योति, नीतूसिंह, राममूर्ति, सत्येंद्र माहेश्वरी, धीरज सिंह धाकड़, जितेंद्र तिवारी, डॉ राघवेंद्र सिंह, सुधीर कुमार कुलश्रेष्ठ, डॉ निखिल जैन आदि मौजूद रहे।

## डंसने के बाद फन फैलाकर बैठ गया सांप,महिला और बालक को सांप ने डंसा, अस्पताल में भर्ती

टीएनएफ टुडे, बाह।

हाथ की अंगुली में डसने के बाद सांप महिला के सामने ही फन फैला कर बैठा तो डर और दहशत में उनकी चीख निकल गई। होलीपुरा गांव की 45 साल की ऊषा देवी ने बताया कि वह शुक्रवार की दोपहर खेत में घास काट रही थी। घास काटते समय अंगुली में डसने के बाद सांप हाथ से लटक गया। छिटक कर अलग किया, फिर भी पास में ही बैठा रहा। काटने के बाद सामने बैठे सांप को देख कर उनकी चीख निकल गई। परिवार और पड़ोस के लोग मौके पर आ गये। आनन फानन में इलाज के लिए बाह सीएचसी पर भर्ती कराया, जहां पर उनका उपचार जारी था। इधर भाऊपुरा गांव में बृहस्पतिवार की शाम 7 बजे 12 साल का हर्ष साइकिल चला रहा था। साइकिल चलाते समय पैर में सांप ने डस लिया। घबराए परिजन उसे इलाज के लिए बाह सीएचसी पर ले पहुंचे। उपचार के बाद हर्ष की अस्पताल से छुट्टी कर दी गई।

## सिलिंडर में लगी आग से झुलसे युवक की मौत

टीएनएफ टुडे, बाह।

जरार में 26 जुलाई को रक्षाबंधन के लिए घेवर बनाते समय सिलिंडर में आग लगने से पिता मुकेश, पुत्र धीरज समेत 5 लोग झुलसे थे। उपचार के दौरान भूरा (42) की मौत हो गई। घर पर शव पहुंचते ही परिवार मातम में डूब गया। मृतक ने अपने पीछे बूढ़ी मां मजीतन, पत्नी चन्द्रतारा, बेटियां अलीशा (14), आलिया (2), बेटा रिहान (12) को छोड़ा है। बेटे का शव देख कर सुधबुध खोई मजीतन ने बताया कि अब बच्चे किसके भरोसे पलेंगे। परिवार में मृतक के अलावा कोई कमाने वाला नहीं है। परिवार में मातम पसरा है, वहीं बस्ती शोक में डूबी है, शुक्रवार को किसी घर में चूल्हे तक नहीं जले हैं। जरार में रक्षाबंधन के लिए घेवर बनाते समय 26 जुलाई की रात सिलिंडर में लगी आग से मुकेश, धीरज, भूरा, राजेश, प्रमोद झुलस गये थे। मुकेश, धीरज, राजेश एसएन मेडीकल कॉलेज में जिंदगी के लिए जूझ रहे हैं।

## ग्रामीणों की समस्याएं जिला स्तर तक उठाने का ऐलान

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

समाजवादी पार्टी ने 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीतिक तैयारी तेज कर दी है। इसी कड़ी में फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नगला मुक्ता और धिमिश्री में पार्टी की ओर से बूथ स्तरीय पीडीए जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों की स्थानीय समस्याओं पर मंथन हुआ और उनके निस्तारण की रणनीति बनाई गई। कार्यक्रम में पहुंचे सपा जिलाध्यक्ष ऊदल सिंह कुशवाहा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर चौपालों के माध्यम से सीधे जनता से संवाद कायम किया जा रहा है। गांव-देहात के लोग बिजली, पानी, सड़क और प्रशासनिक उपेक्षा आदि समस्याओं से जूझ रहे हैं, उन्हें तहसील से लेकर जिला स्तर तक पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा। ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान महासचिव संतोष पाल, रामगोपाल बघेल, महेश सिसौदिया, सौरभ शर्मा, राजीव रौतेला, योगेंद्र गुर्जर, रविंद्र ठाकुर, सतीश ठाकुर, तोताराम राठौर, संजय जादौन, दिनेश राठौर, बबुआ खान सहित पार्टी पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## जमीन के विवाद में टावर पर चढ़ा युवक

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

थाना डौकी क्षेत्र के वाजिदपुर में शुक्रवार दोपहर को एक युवक जमीन के विवाद को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने करीब साढ़े चार घंटे बाद युवक को समझा-बुझाकर नीचे उतारा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश पुत्र धाराजीत निवासी आसेकापुरा थाना डौकी शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे वाजिदपुर के पास स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया। राकेश का आरोप है कि कई वर्षों से उसके परिवार के लोग उसकी जमीन पर मुड्डियां नहीं गाड़ने दे रहे हैं। कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी जानकारी पर डौकी पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को नीचे उतराने का प्रयास किया गया। लेकिन युवक मौके पर तहसील के अधिकारियों को बुलाने की जिद पर अड़ गया। तभी जानकारी पर नायब तहसीलदार फतेहाबाद शुभ्रा अवस्थी मौके पर पहुंची और डौकी पुलिस व नायब तहसीलदार ने करीब साढ़े 4 घंटे बाद युवक को समझा-बुझाकर टावर से नीचे उतारा और पुलिस युवक को थाने ले गई। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों को थाने पर लाया गया है। जिनसे बातचीत की जा रही है।

## रात्रि ड्यूटी के विरोध में जेई को सौंपा ज्ञापन

टीएनएफ टुडे, बाह।

नौगवा फीडर के आउटसोर्स कर्मचारियों ने जेई सतीश कुमार को सौंपे ज्ञापन में निर्धारित समय के बाद भी काम कराए जाने पर चिंता एवं विरोध दर्ज कराया है। ज्ञापन देने वाले हरीश कुमार, सोनू कुमार, वीरबल, राहुल, जगमोहन, शैलेश कुमार, आशीष, रामभरोसे, मुकेश, अनिल कुमार, राघवेन्द्र नरायन, दीपेन्द्र सिंह, अमर सिंह ने बताया कि आउटसोर्स कर्मचारियों का सेवा और कार्य का समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। निर्धारित समय में कर्मचारी निष्ठा एवं कर्मठता के साथ अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। लेकिन रात्रि के समय में दबाव में काम कराया जाता है। जिससे अनहोनी दुर्घटना का खतरा बना रहता है। उन्होंने निर्धारित समय में काम कराए जाने एवं सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग उठाई है।

## युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के द्वार

# डॉ. एमपीएस ग्रुप और रोजगार कार्यालय के बीच 10 साल का समझौता

टीएनएफ टुडे, आगरा।



डॉ. एमपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस और उत्तर प्रदेश सरकार के क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के बीच 10 वर्षों के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ है। इस दीर्घकालिक साझेदारी का मुख्य उद्देश्य युवाओं के करियर निर्माण और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।अगले 10 वर्षों तक दोनों संस्थान संयुक्त रूप से करियर काउंसलिंग, कैंपस प्लेसमेंट और विशाल रोजगार मेलों का आयोजन करेंगे। इस पहल से न केवल छात्रों का भविष्य संवरेगा, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। संस्थान के चेयरपर्सन स्क्वाड्रन लीडर एके सिंह ने क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के साथ हुए इस एमओयू को छात्र छात्राओं के रोजगार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए सभी को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

संस्थान के अकादमिक निदेशक डॉ विक्रांत शास्त्री ने क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक चंद्रचूड़ दुबे के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर मार्गदर्शन और समर्पित प्रयासों के कारण ही यह समझौता संभव हो सका है। इस अवसर पर डीन हास्पिटैलिटी एंड टूरिज्म हिमांशु आर्य, डीन सीएस डॉ आमेंद्र सिंह सहित क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## खाद के लिए किसानों को नहीं होगी दिक्कत

# जिलाधिकारी ने सहकारी समितियों को दिए जरूरी निर्देश

टीएनएफ टुडे, आगरा।

जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में एत्मादपुर मदरा व रायपुर रहनकला गांव के किसानों की जमीन अधिग्रहण संबंधी विभिन्न समस्याओं, उर्वरक खाद,और खसरा-खतौनी से नाम हटाने आदि विषयक बिंदुओं पर बैठक हुई।

जिलाधिकारी के समक्ष किसानों द्वारा एत्मादपुर मदरा क्षेत्र में आगरा विकास प्राधिकरण द्वारा किसानों के नाम खसरा-खतौनी से हटाए जाने के प्रकरण को रखा, जिलाधिकारी महोदय ने किसानों की विस्तार से समस्याओं को सुना तथा व्यवस्था दी कि चूंकि मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। कोर्ट के निर्णय तक किसानों के नाम खसरा-खतौनी से नहीं हटाए जाएंगे। जिलाधिकारी को बताया गया कि उक्त क्षेत्र के किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से मिलने वाले खाद आदि में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे सभी किसान, सहकारी समितियों से उर्वरक, खाद आदि क्रय कर सकेंगे, खाद आपूर्ति में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी।

बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट अमित शुक्ला, किसान प्रतिनिधि तथा संबंधित क्षेत्रों के किसान मौजूद रहे।

# आर्किटेक्ट समीर गुप्ता चुने गए अध्यक्ष

## इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स की कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित

टीएनएफ टुडे, आगरा।

वर्ष 1917 में स्थापित देश के वास्तुकारों की सर्वोच्च एवं प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्था द इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स (आईआईए) के आगरा सेंटर की वर्ष 2026झ28 हेतु नई कार्यकारिणी का निर्वाचन निर्विरोध हुआ। निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष आर्किटेक्ट समीर गुप्ता, उपाध्यक्ष आर्किटेक्ट ध्रुव कुलश्रेष्ठ, मानद सचिव आर्किटेक्ट अमित अग्रवाल, मानद कोषाध्यक्ष आर्किटेक्ट सौरभ सक्सेना, कार्यकारिणी सदस्य आर्किटेक्ट अजय कुमार शर्मा, आर्किटेक्ट यशवीर सिंह, आर्किटेक्ट अश्वनी कुमार, आर्किटेक्ट राहुल निगम और आर्किटेक्ट मोनिका राठौर प्रमुख रूप से शामिल हैं।

निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष आर्किटेक्ट समीर गुप्ता ने बताया कि यह आगरा के वास्तुकारों के लिए गौरव एवं उपलब्धि का विषय है कि अब तक उप-केंद्र के रूप में कार्यरत आगरा को हाल ही में आईआईए के पूर्ण ₹आगरा सेंटर₹ का दर्जा प्राप्त हुआ है।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने वास्तुकला व्यवसाय की गरिमा एवं गुणवत्ता को और सुदृढ़ बनाने, युवा वास्तुकारों को प्रोत्साहित करने, निरंतर व्यावसायिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देने तथा विभिन्न शासकीय एवं स्थानीय निकायों के साथ समन्वय स्थापित कर आगरा एवं आसपास के क्षेत्र के सुनियोजित, सतत एवं सौंदर्यपूर्ण विकास में सक्रिय योगदान देने का संकल्प व्यक्त किया है। आईआईटी रुड़की के पूर्व छात्र आर्किटेक्ट समीर गुप्ता नई कार्यकारिणी का नेतृत्व करेंगे। वे वास्तुकला के क्षेत्र में एक अनुभवी एवं प्रतिष्ठित नाम हैं तथा पूर्व में आगरा आर्किटेक्ट्स एसोसिएशन के एक बार तथा आर्किटेक्ट्स एसोसिएशन, आगरा के दो बार अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके नेतृत्व में वर्ष 2008 एवं 2023 में भारतीय वास्तुकार संस्थान के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय वास्तुकला सम्मेलन का सफल आयोजन आगरा में हुआ था, जिसमें देशभर के प्रख्यात वास्तुकारों, नगर नियोजकों एवं विशेषज्ञों ने सहभागिता की। आर्किटेक्ट समीर गुप्ता के मार्गदर्शन में आगरा शहर में अनेक विकास एवं सौंदर्यीकरण परियोजनाओं में वास्तुकारों की सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# 42 चालक और टोल कर्मियों की सेहत जांची

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा 21 पर लगा शिविर

**सड़क सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर किया जागरूक**

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।




यूपीडा मुख्यालय सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन के निर्देश पर शुक्रवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा 21 प्रतापपुरा पर एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा व सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। यूपीडा प्रोजेक्ट आगरा पीआईयू प्रथम के बैनर तले आयोजित शिविर का मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों की सेहत और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना था। शिविर का उद्घाटन यूपीडा के अधिशासी अभियंता एसपी सिंह, मुख्य सुरक्षा अधिकारी आरएन सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद के अधीक्षक अभिषेक सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से किया गया। डॉ. अभिषेक सिंह चौहान के नेतृत्व में आई मेडिकल टीम के डॉ. पवन कुमार सहित चिकित्सकों ने 42 चालकों व टोल प्लाजा के कर्मियों की जाँच की। शिविर में मुख्य रूप से नेत्र, रक्तचाप, मधुमेह और हीमोग्लोबिन की जाँचकर मरीजों को परामर्श और निःशुल्क दवाएं दी गईं। साथ ही, सुरक्षित ड्राइविंग के लिए नियमित नेत्र जाँच कराने और यातायात नियमों के कड़ाई से पालन की अपील की गई। टोल प्लाजा के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रमोद धनगर, यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी प्रथम राधामोहन द्विवेदी,सुधीश शुक्ला, सोबरन सिंह, आशीष शर्मा, एसके चौधरी सहित सुरक्षाकर्मी, टोल कर्मचारी मौजूद रहे।



## 6 स्वच्छता आदतें अपनाने पर जोर

# 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

टीएनएफ टुडे, पिनाहट (आगरा)।

आदर्श नगर पंचायत पिनाहट की आईईसी टीम द्वारा गुरुवार को सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ जनजागरूकता अभियान के तहत शांति निकेतन इंटर कॉलेज, वार्ड संख्या-02 में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को घर, विद्यालय और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही स्वस्थ जीवन के लिए 6 प्रमुख स्वच्छता आदतें अपनाने पर जोर दिया गया।

टीम ने बताया कि कहीं भी पानी जमा न होने दें, खुले में न थूकें, न ही कचरा फैलाएं। शौचालय का स्वच्छता से उपयोग करें, भोजन से पहले हाथ धोएं, कचरा हमेशा डस्टबिन में डालें।

इसके अलावा घर से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करके कचरा वाहन में ही दें। आईईसी टीम ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। इस दौरान कॉलेज स्टाफ और नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

## वादाखिलाफी को लेकर भरी हुंकार

# संविदा बिजली कर्मियों ने अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**मांगों के पूरी होने तक धरना-प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी**

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।



उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा एवं संविदा कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों के शोषण व प्रबंधन की वादाखिलाफी के विरोध में आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने प्रदेश संयुक्त मंत्री मोती सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड तृतीय, फतेहाबाद को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की चेतावनी दी। संघ के प्रदेश संयुक्त मंत्री मोती सिंह के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में प्रबंधन पर अपने ही पूर्व आदेशों और समझौतों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है।

पावर कारपोरेशन प्रबंधन द्वारा 15 मई 2017 को जारी आदेश के अनुसार 33/11 केवी उपकेंद्रों के परिचालन एवं अनुरक्षण कार्य के लिए ग्रामीण उपकेंद्र 20 तथा शहरी उपकेंद्रों पर 36 कर्मचारियों की तैनाती का मानक निर्धारित किया गया था। आरोप है कि वर्तमान में निगम अपने ही आदेशों को दरकिनार कर ग्रामीण उपकेंद्रों पर 20 के स्थान पर मात्र 12.5 और शहरी उपकेंद्रों पर 36 के स्थान पर केवल 18.5 कर्मचारी तैनात कर काम चला रहा है। इससे उपकेंद्रों पर तैनात कर्मचारियों पर काम का अतिरिक्त दबाव बन रहा है।

कर्मचारियों के साथ आये दिन काम करते हुए दुर्घटनाएं हो रही हैं। वहीं आरोप है कि 2 जुलाई 2026 को हुए समझौते में प्रत्येक उपकेंद्र पर मानक के अनुसार कर्मचारी रखने और संविदा कर्मियों को 18,000 रुपये मानदेय देने पर सहमति बनी थी। लेकिन प्रबंधन अब अपने वादों से मुकर रहा है, जिससे प्रदेश भर के कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। प्रदेश संयुक्त मंत्री मोती सिंह से बात करने पर बताया कि जब तक संघ की जायज मांगों को पूरा नहीं किया जाता, तब तक जिला एवं प्रदेश स्तर पर धरना-प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा। इस दौरान मोती सिंह, एबरन सिंह, योगेंद्र सिंह, बीरभान, नीतेश, बंटू, रवि, शैलेंद्र सहित अन्य संविदा विद्युत कर्मचारी मौजूद थे।

TNF TODAY
टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday tnftoday
www.tnftoday.com / epaper



# आटा और आटा उत्पादों के 16 नमूने लिए

## आटा एवं मैदा उत्पादों पर चला विशेष प्रवर्तन अभियान

टीएनएफ टुडे, आगरा।



खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आटा, मैदा, सूजी, बेसन एवं दलिया निर्माण एवं विक्रय प्रतिष्ठानों पर विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 16 विधिक खाद्य नमूने संग्रहित किए गए।

गणेश कंज्यूमर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, भागूपुर से 05 नमूने (आटा, बेसन, दलिया, मैदा एवं सूजी)। बीपी फ्लोर मिल्स प्राइवेट लिमिटेड, भागूपुर से 01 आटा एवं 01 फोर्टिफाइड गेहूँ के आटे का नमूना। लक्ष्मी नारायण आटा मिल, मलपुरा से 01 गेहूँ के आटे का नमूना। आगरा रोलर फ्लोर मिल्स, मथुरा रोड से 02 नमूने (गेहूँ का आटा एवं मैदा)। अग्रवाल फूड्स, नगला कमाल रोड, खेरागढ़ से 01 गेहूँ के आटे का नमूना। कन्हैया फ्लोर मिल से 01 गेहूँ के आटे का नमूना।

आगरा फ्लोर मिल, सेवला जाट, ग्वालियर रोड से 02 आटे के नमूने। गुप्ता एंटरप्राइजेज फ्लोर मिल से 02 आटे के नमूने। संग्रहित सभी खाद्य नमूनों को विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए परीक्षण हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। प्रयोगशाला से प्राप्त विश्लेषण रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम तथा नियमावली के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, जनपद आगरा द्वारा जनस्वास्थ्य के संरक्षण एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऐसे विशेष प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किए जाते रहेंगे।

## ईवीएम–वीवीपेट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण

**आगरा।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के मुताबिक, तहसील सदर में बने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम मशीनों की सुरक्षा, सीसीटीवी से होने वाली निगरानी, रिकॉर्ड्स के रखरखाव और वेयरहाउस की पूरी व्यवस्था का गहनता से निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने ईवीएम- वीवीपैट वेयर हाउस के मासिक निरीक्षण में वेयर हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों, अग्निशमन यंत्रों, अलार्म सिस्टम और अन्य सुरक्षा उपकरणों के संचालन की गहनता से जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सुरक्षा उपकरण क्रियाशील रखें और सुरक्षा मानकों का नियमित रूप से परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी नगर यमुनाधर चौहान, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हेमंत कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी नरसिंह, व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अब तक अधूरा पड़ा गौशाला निर्माण कार्य

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

टीएनएफ टुडे, आगरा।



शुक्रवार को लघु सभागार में मण्डलायुक्त नगेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। सर्वप्रथम पशुपालन विभाग की समीक्षा में अवगत कराया गया कि जनपद में वृहद गौ संरक्षण केन्द्र विक्रमपुर, भिडावली, कान्हा गौशाला फतेहाबाद, कान्हा गौशाला किरावली/अछनेरा, कान्हा गौशाला शमसाबाद का निर्माण कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है। आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिए गये कि अंतिम तिथि निर्धारित करते हुए कार्य को ससमय पूर्ण कराया जाए। मण्डल में कुल गोचर लिंक उपलब्ध भूमि के सापेक्ष शेष रिक्त भूमि पर भी हरा चारा बोए जाना सुनिश्चित किया जाए। जनपद मथुरा के रूपनगर और मैनपुरी के इज्जतपुर खजरारा गो संरक्षण केन्द्र में लक्ष्य के सापेक्ष अवशेष गौवंश के शिफ्टिंग की कार्यवाही प्राथमिकता पर करायी जाए।

पंचायती राज विभाग की समीक्षा में निर्देश दिए गये कि आगरा, मथुरा और मैनपुरी में अवशेष अन्त्येष्टि स्थलों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। आगरा, मथुरा और मैनपुरी में अवशेष विद्यालयों को फर्नीचर से संतृप्त किया जाए। जननी सुरक्षा योजना में आगरा में सबसे कम लाभार्थियों को भुगतान होने पर आयुक्त ने इसकी समीक्षा करने एवं भुगतान प्रतिशत की प्रगति बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। आगरा और मथुरा में गोल्डन कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया में प्रगति लाई जाए। सरकारी भवनों पर रूफ टॉप सोलर योजना में कोई प्रगति नहीं होने पर संबंधित विभाग से समन्वय करने तथा चारों जनपदों में जिलाधिकारी द्वारा समीक्षात्मक अध्ययन करने के निर्देश दिए।

रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना में चारों जनपदों में नोडल पुलिस अधिकारी स्तर पर लंबित तथा आगरा, मथुरा और मैनपुरी में डीएससी स्तर पर लंबित प्रकरणों का निस्तारण जल्द करायें। राशन दुकानों के विवरण की समीक्षा की गयी। रिक्त उचित दर की दुकानों के सापेक्ष नये चयन की कार्यवाही त्वरित की जाए। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त उमेश मणि त्रिपाठी, जिलाधिकारी आगरा मनीष कुमार बंसल, जिलाधिकारी फिरोजाबाद संतोष कुमार शर्मा, जिलाधिकारी मैनपुरी इंद्रमणि त्रिपाठी एवं जिलाधिकारी मथुरा सीपी सिंह, मुख्य विकास अधिकारी आगरा प्रतिभा सिंह, अपर जिलाधिकारी एवं समस्त मण्डलीय अधिकारी मौजूद रहे।




# राष्ट्रीय हिन्दू परिषद का प्रदर्शन

टीएनएफ टुडे, आगरा।

सावन माह के दौरान श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं और सुविधाओं को लेकर राष्ट्रीय हिन्दू परिषद भारत ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविन्द पारासर के नेतृत्व में सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे।जहां प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी को विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने ज्ञापन में कहा कि सावन भगवान शिव की आराधना का पवित्र माह है।

इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों एवं परिक्रमा मार्ग पर दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में पूरे सावन माह के दौरान परिक्रमा मार्ग पर संचालित मीट और मछली की दुकानों को बंद कराया जाए। ताकि श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं का सम्मान बना रहे। ज्ञापन में मंदिरों और उनके आसपास विशेष साफ-सफाई, नियमित कूड़ा उठान और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। राष्ट्रीय हिन्दू परिषद भारत के पदाधिकारियों ने कहा कि उनकी सभी मांगें जनभावनाओं और धार्मिक आस्था से जुड़ी हुई हैं। प्रशासन से इन पर शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा की गई है। वहीं, प्रशासन ने ज्ञापन प्राप्त कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# पशु क्रूरता और अवैध पेड़ कटान की जांच हो

## नगर पंचायत स्वामीबाग से जुड़े मामलों पर प्रेसवार्ता

टीएनएफ टुडे, आगरा।

कमला नगर स्थित होटल टैम्पटेशन में पशु एवं पर्यावरण प्रेमियों द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में स्वामीबाग एवं नगर पंचायत स्वामीबाग से जुड़े कथित भ्रष्टाचार, पशु क्रूरता, अवैध पेड़ कटान और कूड़ा निस्तारण में अनियमितताओं के मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। वक्ताओं ने इन मामलों में निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए।

डॉ. अँगशूला सरकार सेवानिवृत्त डिप्टी रजिस्ट्रार, डॉ. भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी, विशाल सैनी (आरटीआई एक्टिविस्ट), विनीता अरोड़ा (मेंबर एसपीसीए एवं पशु प्रेमी) और किरन सेठिया (पशु प्रेमी) ने अपनी-अपनी बात रखी। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि यदि समय रहते इन मुद्दों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो यह पर्यावरण, पशु संरक्षण और जनहित के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।प्रेस वार्ता के दौरान हजूरी बाग क्षेत्र में पशु क्रूरता के मामले को विस्तार से उठाया गया। वक्ताओं ने बताया कि इस संबंध में गीता भाटिया, पशु अधिकार संगठन और अन्य पशु प्रेमियों द्वारा पिछले लगभग आठ महीनों से लगातार शिकायतें की जा रही थीं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जब शिकायत न्यू आगरा थाने तक पहुंची, तब कुत्तों को तो मुक्त करा दिया गया, लेकिन प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई, जिससे प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल खड़े होते हैं।




**कूड़ा निस्तारण परियोजना पर उठे सवाल**

नगर पंचायत द्वारा संचालित कूड़ा निस्तारण केंद्र को लेकर भी अनियमितताओं के आरोप लगाए गए। वक्ताओं का कहना था कि यह केंद्र केवल कागजों में निस्तारण केंद्र के रूप में दर्शाया गया है। जबकि वास्तविकता में यह केवल कूड़ा संग्रहण केंद्र के रूप में कार्य कर रहा है।

**फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल का आरोप**

विभिन्न परियोजनाओं और कार्यों के लिए कथित रूप से फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए और उनका उपयोग किया गया। वक्ताओं ने इस पूरे मामले की फोरेंसिक जांच कराने की मांग की।

स्वामीबाग क्षेत्र में हरे पेड़ों की कथित अवैध कटाई को लेकर भी चिंता जताई। आरोप है कि एक अनरजिस्टर्ड ट्रस्ट और नगर पंचायत द्वारा उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के विपरीत प्रस्ताव पारित किए गए। इस संबंध में शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद वन विभाग की चुप्पी को गंभीर लापरवाही बताया गया।विशाल सैनी ने कहा कि जनहित के मुद्दे उठाने के कारण उन्हें मानसिक, सामाजिक और कानूनी प्रताड़ना का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि यदि कोई नागरिक सच्चाई सामने लाने के लिए आवाज उठाता है और उसे ही प्रताड़ित किया जाता है। इस दौरान पंकज पाठक, विष्णु चौहान, मनोज जुरेल, अरुण सहित कई स्थानीय नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने सरकार और प्रशासन से मांग की कि पूरे प्रकरण की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। सभी दस्तावेजों और साक्ष्यों की जांच हो, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।



## सिंधु भवन में रक्तदान शिविर कल

आगरा। पूज्य सिंधी पंचायत, कमला नगर एवं जय झूलेलाल सेवा संगठन परिवार, कमला नगर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले "एक बूंद... एक जिंदगी" विशाल रक्तदान शिविर का आयोदन 2 अगस्त को किया जाएगा। इस संबंध में शुक्रवार को सिंधु भवन, कमला नगर में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इसमें दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से आगामी 2 अगस्त को होने वाले शिविर की रूपरेखा, उद्देश्य और समाज के प्रति इसकी उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। दादा रोचीराम नागरानी,आनंद कुमार मनवाणी, परमानन्द अतवानी,रमेश कल्याणी,लक्ष्मण रामत्री, जय किशन बुधरानी, मोंटू करीरा, महेश नारायणी, दीपक अतवानी, राजीव नागरानी, शेरू साधवानी ,लकी सावलानी, कैलाश नाथवानी, चंद्रप्रकाश विशनानी, सुनील मखीजा, बाबू भाई दयानी,गुरमुख वयानी,तरूण लालवानी,नितिन सुखेजा,अशोक मुलानी,पंकज सुखेजा,जतिन,सोववानी,किशोर करमचंदानी, राजकुमार जापरा,नीरज भोजवानी,दयालदासआदि उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्ति पर राधेश्याम और रामसिंह का सम्मान



**आगरा।** उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल एवं आगरा छावनी के अंतर्गत भारतीय रेल में अपनी निष्ठावान, उत्कृष्ट और लंबी सेवाएं सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले दो वरिष्ठ रेल कर्मियों के सम्मान में शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। लोको रनिंग वेलफेयर सोसाइटी, आगरा छावनी के बैनर तले आयोजित समारोह में सम्मानित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनकी दीर्घकालिक सेवाओं के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। राधेश्याम मुख्य लोको निरीक्षक/चीफ पॉवर कन्ट्रोलरआगरा मंडल और मुख्य लोको निरीक्षक वेलफेयर समिति, आगरा मंडल रामसिंह जाटलोको पायलट मेल/एक्स., आगरा छावनी के सम्मान में उनके उज्ज्वल भविष्य, अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर सुकेश यादव,मण्डल अध्यक्ष विजय सिंह मीणा,केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राकेश पाठक, केंद्रीय उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह, सयुंक्त मण्डल सचिव नीरज परिहार, मण्डल कोषाध्यक्ष हरिओम भारद्वाज, शाखा अध्यक्ष सुनील कुमार पाठक, लोकों पायलट सेवानिवृत्त महेश चंद, बीएस लवानियां,शाखा सचिव अभिमन्यु वर्मा,रामसिंह जाट, ब्रजपाल सिंह, सत्येंद्र यादव मौजूद रहे।

# मान मिला सम्मान मिला, कुछ करने का अरमान मिला

टीएनएफ टुडे, आगरा।

सेन्ट एंड्रूज प्रीमियर स्कूलके सभागार में विद्यालय के नवीन छात्र संसद का गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीजेपी की प्रदेश महिला महामंत्री अर्चना शर्मा, संजय शर्मा, विद्यालय के सीएमडी डॉ. गिरधर शर्मा, एमडी शिवांजल शर्मा, प्राचार्या गुंजन पुंडीर, उप-प्राचार्या सुरीति माथुर, संयोजिका अमृत गिल व अधीक्षक मनोज शर्मा द्वारा दीप प्रज्जवलन व माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत बैज लगाकर, स्मृति चिह्नतथा पौधे भेंट कर किया गया।

मुख्य अतिथि, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की प्रदेश सह संयोजिका अर्चना शर्मा ने कहा कि जो ऊर्जा, आत्मविश्वास और ओजस्व मैं देख रही हूँ वह बहुत सुखद एवं भाव विभोर करने वाला है। देश का भविष्य इन युवाओं के नेतृत्व में निश्चित ही सुदृढ़ एवं सुरक्षित दिशा में अग्रसर है। मुख्य अतिथि ने नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को बैज एवं ध्वज प्रदान किए। एमडीशिवांजल शर्मा ने सभी निर्वाचित सदस्यों को नई जिम्मेदारियों के सफल निर्वहन हेतु शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय की प्राचार्या गुंजन पुंडीर ने कहा कि "जीवन में सम्मान माँग कर या पद पाने से नहीं मिलता, अपितु इसे अपने चरित्र, निष्ठा और श्रेष्ठ कर्मों से कमाना पड़ता है। छात्र संसद में हैड बॉय अंश खंडेलवाल, हैड गर्ल राशि सिंह, स्पोर्ट्स कैप्टन वरिष्ठ सोनी, वाइस कैप्टन अभिनव सिंह, आजाद हाउस कैप्टन वैष्णवी,वाइस कैप्टन अविका सक्सेना,रानी लक्ष्मी बाई हाउस कैप्टन वृषांक जैन, वाइस कैप्टन तन्वी अग्रवाल, शिवाजी हाउस कैप्टन युवराज सिंह, वाइस कैप्टन डिंपल राठौर,बोस हाउस कैप्टन तरुबा, वाइस कैप्टन कामिनी कुशवाह, ऐजेंट ऑफ चेंज अयान और डिसिप्लिन इंचार्ज आद्रिका ने पद एवं निष्ठा की शपथ ग्रहण की। मंच का संचालन शिक्षिका बरखा के नेतृत्व में विधार्थी अरनव, शांभवी, मिष्टी और तन्वी ने किया।




# सांप को भगा रही थी, बिजली के तार से चिपक गई

टीएनएफ टुडे, बाह।

झोंपड़ी में घुसे सांप को भगाते समय करंट की चपेट में आने से वृद्धा बेहोश हो गई। जबकि कपडे. सूखने को डालते समय महिला को करंट लग गया। हिंगोटखेडा की 62 साल की शारदा देवी अपनी झोंपड़ी पर रहती हैं। उनके पति चक्रपान सिंह ने बताया कि शुक्रवार की शाम 3 बजे शारदा देवी झोंपड़ी में घुसे सांप को भगा रही थी। इसी दौरान उन्होंने हाथ बिजली के तार के संपर्क में आ गया, अंगुलियां तार से चिपक गई और शारदा देवी बेहोश हो गई। गनीमत रही कि करंट की चपेट में आने के बाद बिजली आपूर्ति बंद हो गई। मौके पर आए पड़ोस के दो युवकों ने उन्हें तार से अलग किया, सूचना पर इलाज के लिए बाह सीएचसी पर ले पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद एसएन मेडीकल कॉलेज आगरा के लिए रेफर कर दिया। वहीं दूसरा हादसा बिजकौली गांव में शीला देवी के साथ हुआ। दोपहर में वह टेबल पर कपड़े सूखने के लिए डाल रही थी। तभी हाथ में टेबल के पास से गुजर रही शार्ट केबल की चपेट में आने से करंट लग गया। उनको भी इलाज के लिए बाह सीएचसी पर भर्ती कराया गया।

## मुंशी प्रेमचंद जयंती पर साहित्यिक गोष्ठी



**आगरा।** श्रीमती बीडी जैन कन्या महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा मुंशी प्रेमचंद जयंती के शुभ अवसर पर साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. नेहा विश्वकर्मा ने गोष्ठी पर प्रकाश डालते हुए औपचारिक शुरूआत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्या एवं संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. मीरा अग्रवाल द्वारा की गई। इसमें महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. किरण सिंह की भी गरिमामय उपस्थिति रही। प्रेमचंद के साहित्य में अभिव्यक्त विविध आयामों से छात्राओं को परिचित कराया। अतिथियों द्वारा प्रेमचंद के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. शिखा श्रीधर द्वारा प्रेमचंद के साहित्य के संवेदनात्मक पक्षों पर बातचीत की गई। रेशमा,काजल, खुशी, सुरभि आदि छात्राओं ने प्रेमचंद के कहानियों एवं उपन्यासों के सम्बन्ध में अपने विचार प्रस्तुत किये। डॉ. अर्चना सिंह ने 'बूढ़ी काकी' कहानी के माध्यम से वृद्धावस्था के सामाजिक उपेक्षाओं से छात्राओं को परिचित कराया। प्रेमचंद के साहित्यिक अवदानों पर विचार रखते हुए डॉ. अंकिता तिवारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत कियागया।कार्यक्रम का संचालन डॉ. नेहा विश्वकर्मा ने किया।

# गुरु ही कराते हैं गोविंद के मिलने का मार्ग प्रशस्त

## शक्ति साधना धाम वृंदावन ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी गठित

टीएनएफ टुडे, आगरा।

भगवान श्रीकृष्ण के हृदय श्री वृंदावन धाम स्थित शक्ति साधना धाम आश्रम में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया' देश विदेश से आए श्रद्धालुओं ने अपने गुरु श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी चित्प्रकाशानंद गिरी (अखाड़ा श्री निरंजनी) के दर्शन एवं पूजन कर उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया' सदगुरुदेव ने इस अवसर पर कहा कि गुरु के माध्यम से ही गोविंद के मिलने का मार्ग प्रशस्त होता है। ये बात स्वयं भगवान कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देते हुए कही। महोत्सव के द्वितीय दिवस आश्रम ट्रस्ट की कार्यकारिणी का गठन किया गया ' आमसभा का संचालन डॉ दिवाकर तिवारी ने पूर्व कार्यकारिणी द्वारा किए गए कार्यों का विवरण आम सदस्यों के मध्य रखा साथ ही नई कार्यकारिणी गठन की रूपरेखा रखी' आश्रम की महंत साध्वी शाम्भवी चेतना के गोलोकवास के बाद ये प्रथम कार्यकारिणी गठन था। जिसमें सदगुरुदेव महामंडलेश्वर स्वामी चित्प्रकाशानंद गिरी जी के मार्गदर्शन में ये कार्य संपन्न हुआ। व्यवस्थापक एवं समन्वयक साध्वी डॉ अपराजिता गिरी को नियुक्त किया गया' वृंदावन के प्रतिष्ठित ट्रस्ट शक्ति साधना धाम का अध्यक्ष बीकानेर के प्रतिष्ठित व्यवसायी माणिक चंद्र अग्रवाल, सचिव पूर्व असिस्टेंट प्रोफेसर आगरा विश्वविद्यालय डॉ दिवाकर तिवारी को सर्वसम्मति से चुना गया' ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में दिल्ली से राकेश साहनी, उपाध्यक्ष के रूप में दिल्ली से व्यवसायी अशोक चौधरी, रजनीकांत गर्ग, आगरा से व्यवसायी राजेश गुप्ता, लखनऊ से कुंवर बिजेंद्र सिंह, सहसचिव के रूप में व्यवसायी सुनील शर्मा दिल्ली से एवं ग्वालियर से सुनील शर्मा को चुना गया' आश्रम के रखरखाव प्रबंधन की जिम्मेदारी पंडित सोनू त्रिपाठी एवं ब्रह्मचारी चेतन निभाएंगे' वित्त सलाहकार के रूप में दिल्ली से व्यवसायी सुकेश मल्होत्रा एवं कृष्ण गोयल अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे' सदस्य के रूप में कृष्ण कुमार गुप्ता, अशोक गुप्ता आगरा, मोहन गुप्ता एवं अंशु गुप्ता कार्यभार देखेंगे' जसवंत नगर के व्यवसायी महेश वर्मा कोषाध्यक्ष एवं रमेश चंद्र बघेल लेखाकार के रूप में अपनी सेवाएं देंगे' आश्रम ने महिलाओं में जनजागरण उनके स्वालंबन की विविध कार्ययोजनाओं के संबंध में एक महिला समिति का भी चुनाव किया जो साध्वी डॉ अपराजिता गिरी जी के मार्गदर्शन में कार्यक्रमों के लिए अन्य शहरों में समितियां गठित करेंगी। इस कार्य के लिए साध्वी रंजना, जयवती, इंदू चौहान, अलका शर्मा, निर्मला जादौन, रीटा जी, मोहिनी इत्यादि देखेंगी' नवगठित कार्यकारिणी का आश्रम सदस्यों ने माला एवं पटका पहनाकर स्वागत किया' भंडारे की व्यवस्था अशोक गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता, अन्नू दुबे, राधा, दुर्गा, रमेश बघेल, ओमप्रकाश गुप्ता की देखरेख में हुई।



**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादकः धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# पेपर लीक पर मुंशी जी की सोच

ईमानदारी की अर्थी और पर्चों का बाजार'आजकल हमारे देश में शिक्षा और परीक्षाओं का जो स्वांग रचा जा रहा है, वह किसी तमाशे से कम नहीं है। अंतर केवल इतना है कि तमाशा देखने के लिए पैसे देने पड़ते हैं, और यहाँ देश का भविष्य देखने के लिए गरीब अपनी पूरी जिंदगी दांव पर लगा देता है। यह जो 'पर्चा आउट' होने की बीमारी है, यह किसी दफ्तर की लापरवाही नहीं है; यह हमारे समाज के नैतिक पतन का सड़ा हुआ फोड़ा है, जो अब फूट चुका है।साहब बहादुर वातानुकूलित कमरों में बैठकर बड़े-बड़े कानून बनाते हैं। बड़े-बड़े भाषणों में 'मेधा' और 'परिश्रम' की दुहाई दी जाती है। लेकिन हकीकत यह है कि आज परीक्षा की मेज पर योग्यता नहीं, तिजोरियाँ टकरा रही हैं। एक तरफ वह बदनसीब नौजवान है, जो रात-रात भर जागकर, भूख-प्यास भूलकर, दीये की मद्धम रोशनी में अपनी आँखें सुजाता है। उसके बूढ़े बाप ने अपनी रीढ़ की हड्डी गलाकर, खेत-खलिहान बेचकर उसे शहर भेजा है कि बेटा बाबू बनेगा तो घर की दरिद्रता दूर होगी।दूसरी तरफ वे हुक्मरान और दलाल हैं, जिनकी आत्मा मर चुकी है। उनके लिए परीक्षा केवल एक ऐसा मेला है, जहाँ नौकरियों की बोलियाँ लगती हैं। पाँच लाख, दस लाख की गड्डियाँ फेंकी जाती हैं और प्रश्न-पत्र इम्तिहान के कमरों से पहले लालाओं के ड्राइंग रूम में पहुँच जाते हैं। जो लड़का कल तक वर्णमाला का ककहरा नहीं जानता था, वह आज पर्चे खरीदकर मेरिट लिस्ट में सबसे ऊपर बैठ जाता है।और जब यह पाप पकड़ा जाता है, तो व्यवस्था बड़ी मासूमियत से कह देती है– "परीक्षा रद्द की जाती है।"अरे हुजूर! परीक्षा रद्द करना तो बड़ा आसान है। एक कलम की स्याही से लाखों बच्चों का भविष्य पोंछ दिया जाता है। लेकिन उस माँ के आंसुओं का क्या, जिसने बेटे की सफलता की मन्नत मांगी थी? उस बाप की साख का क्या, जो महाजन के कर्ज के नीचे दबा जा रहा है? उस नौजवान के भीतर टूटे हुए हौसले और आत्मविश्वास का क्या, जिसकी उम्र का एक कीमती साल आपने एक झटके में लील लिया? आप परीक्षा रद्द नहीं करते, आप उस गरीब के आत्मसम्मान की हत्या करते हैं।न्याय की तराजू पर जब तक पैसे का पलड़ा भारी रहेगा, तब तक यह नाटक चलता रहेगा। जब तक पर्चा लीक करने वाले मगरमच्छ खुलेआम घूमेंगे और केवल छोटी मछलियों को पकड़कर वाहवाही लूटी जाएगी, तब तक शिक्षा का यह मंदिर अपवित्र होता रहेगा। आज देश का पढ़ा-लिखा युवा सड़कों पर डिग्रियाँ लेकर भीख माँगने को मजबूर है, और भ्रष्टाचार का दानव अट्टहास कर रहा है। यदि समय रहते समाज की इस सड़न को साफ नहीं किया गया, तो याद रखिएगा कि भूखे और छले हुए नौजवानों का आक्रोश किसी भी साम्राज्य की नींव हिलाने की ताकत रखता है।

**(प्रेम चन्द जयन्ती पर उनके सोच की टिप्पणी)**

# युवाओं के सत्याग्रह ने अपने पीछे कुछ सबक छोड़े



> "आंदोलन ने सत्ता में बैठे लोगों को अपनी कार्यशैली में जरूरी बदलाव पर विचार का मौका दिया है। सत्ता के दुरुपयोग, उसके केंद्रीकरण के खिलाफ लोगों के उठ खड़े होने के बारे में चेतावनी दी है। प्रधान के इस्तीफे से निश्चय ही दूसरे मंत्री सतर्क हो जाएंगे। दरअसल, यह सुरक्षा के अघोषित और अदृश्य कवच में दरार आने का संकेत है। भाजपा सरकार में किसी मंत्री का इस्तीफा नहीं होने का मिथक टूट गया है।

जंतर-मंतर पर एक माह तक चले युवाओं के आंदोलन ने कुछ सबक सिखाए हैं, कुछ मुद्दों पर रोशनी डाली है, कुछ उम्मीदें जगाई हैं और साहस, सत्याग्रह की अहमियत को सामने रखा है। यह आंदोलन कई मायनों में अद्वितीय है। उसने लोकतंत्र, संविधान के बुनियादी सिद्धांतों की अनदेखी और सत्ता का दुरुपयोग करने वाली सरकार को अपने कदम पीछे हटाने के लिए विवश किया है। इससे पहले किसान आंदोलन के कारण सरकार को तीन कृषि कानून वापस लेना पड़े थे। लेकिन दोनों आंदोलनों में कुछ फर्क है। किसान आंदोलन का प्रभाव पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, पश्चिम उत्तरप्रदेश में अधिक था। वहीं युवाओं की हलचल तेजी से फैल रही थी। उसमें छात्रों के परिजन शामिल हो रहे थे। भाजपा का समर्थन करने वाले मध्यम वर्ग में भी बेचैनी थी।

बहुत कम लोगों को शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की उम्मीद थी। राजनीतिक पर्यवेक्षक सत्ताधारी दल के एक वरिष्ठ नेता के बयान का जिक्र करते थे कि भाजपा में इस्तीफे नहीं होते हैं। संतोष का विषय है कि युवाओं ने सरकार को जवाबदेही और जिम्मेदारी का अहसास कराया है। उनके आंदोलन के कारण पहली बार शिक्षा राजनीतिक प्राथमिकताओं के केंद्र में आ गई है। छात्रों ने संदेश दिया है कि अब भी अहिंसक और शांतिपूर्ण तरीकों से मनमानी करने वाली सरकार पर अंकुश लगाना संभव है। शासकों के इशारों पर चलने वाली संस्थाओं को सचेत होने का अवसर दिया है। भारत में संवाद, विरोध और अहिंसक तरीके से अपनी अपेक्षाओं को जाहिर करने की परंपरा पुरानी है। इसके सबसे बड़े प्रतीक महात्मा गांधी हैं। उनके सत्याग्रह ने भारत से ब्रिटिश साम्राज्य को उखाड़ने में प्रमुख भूमिका निभाई थी। आजादी के बाद कई मौकों पर जनमत जगाने वाले आंदोलन हुए हैं। 1970 के दशक में गुजरात से शुरू हुए छात्रों के नवनिर्माण आंदोलन ने जयप्रकाश नारायण के आंदोलन की जमीन तैयार की थी। फिर 2011-12 के अन्ना आंदोलन ने यूपीए सरकार की चुनावी हार का रास्ता बनाया। इन आंदोलनों में गैर-राजनीतिक संगठनों, आम लोगों के अलावा राजनीतिक दलों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इतिहास छात्रों के मौजूदा आंदोलन के पीछे सुनियोजित रणनीति और कार्यक्रम नहीं था। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की एक टिप्पणी के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी अस्तित्व में आई। उसने दिल्ली में धरना शुरू किया और इसकी गूंज पूरे देश तक पहुंच गई। चंद दिनों के भीतर हजारों युवा दिल्ली में जुट गए। सरकार के दमन ने आग में घी डाला। पुलिस ने आंसू गैस, पैलेट गन, लाठीचार्ज के जरिये जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग किया। इंटरनेट बंद करने का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। युवा शक्ति की क्रिएटिविटी से उपजे हास्य, व्यंग्य की पैनी धार के सामने तमाम तरीके बेअसर हो गए। छात्रों के पोस्टर और मीम भारी पड़े। सोशल मीडिया ने आंदोलन की हलचल को हर जगह पहुंचा दिया। सरकार की जी-हुजूरी करने और विपक्षी पार्टियों को हमेशा निशाना बनाने वाले गोदी मीडिया के पैंतरे बेकार गए। आंदोलन का स्वरूप और उसकी रफ्तार सरकार की कल्पना से परे थी। उसने छात्रों से लगातार बातचीत की। लेकिन छात्र अपने रुख पर अडिग रहे। आंदोलन के पीछे पाकिस्तान, चीन का हाथ होने जैसे पुराने नकारात्मक दांव भी काम नहीं आए। विरोध को देशद्रोह और राष्ट्रविरोधी बताने का जाना-पहचाना हथियार भी कुंद साबित हुआ। यहां प्रमुख विपक्षी दलों कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने छात्रों का समर्थन करने के साथ थोड़ी दूरी बनाए रखने की सावधानी बरती। इस चतुराई के कारण आंदोलन को पूरी तरह राजनीति से प्रेरित घोषित नहीं किया जा सका है। सोनम वांगचुक के लंबे अनशन ने आंदोलन को नैतिक समर्थन दिया।

छात्रों के विरोध ने शिक्षा व्यवस्था की कई मूलभूत समस्याओं, उच्च शिक्षण संस्थाओं की नियुक्तियों में पेशेवर मापदंडों को दरकिनार रखने सहित कई खामियों पर फिर बहस की जरूरत बताई है। पिछले कुछ वर्षों में उच्च शिक्षण संस्थाओं में अहम पदों पर नियुक्तियों में योग्यता, विद्वता, पेशेवर क्षमता की बजाय विचारधारा को तवज्जो दी गई है। स्कूली पाठ्यक्रम में बदलाव पर भी विचारधारा हावी है। परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर गहराते संकट ने छात्रों को उद्वेलित किया है। साल दर साल तैयारियों के बाद जब पेपर लीक हो जाएं, समय पर रिजल्ट आने का कोई भरोसा न रहे तब असंतोष का विस्फोट होना स्वाभाविक है।

सत्याग्रह ने शिक्षा और रोजगार से जुड़े कुछ बिंदुओं को चर्चा के केंद्र में रख दिया है। यहां हम युवाओं के मुद्दों पर गौर करेंगे। युवाओं की हताशा बढ़ती बेरोजगारी से जुड़ी है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकानॉमी के अनुसार- जॉब्स में 15 साल और उससे अधिक आयु के लोगों की हिस्सेदारी 2016-17 के 42.7प्रतिशत से घटकर मार्च 2026 में 38.7 प्रतिशत रह गई। इसलिए समस्या के सभी पहलुओं पर गौर करने की जरूरत है। मई में नीट की पहली परीक्षा में बीस लाख से अधिक छात्र बैठे थे। प्रश्नपत्र लीक होने के बाद परीक्षा रद्द कर दी गई। इसके बाद एक दर्जन से अधिक छात्रों के आत्महत्या करने की खबरें आईं। राजनीतिक विश्लेषण सेवा

भारत में दुर्घटनाओं और आत्महत्याओं से मौतों पर नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक 2014 में 8068 छात्रों ने आत्महत्या की थी। यह संख्या 2024 में 14288 रही। अंग्रेजी अखबार हिंदू में प्रकाशित खबर में बताया गया है, संसद में शिक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी कि छात्रों की आत्महत्या के कारणों में अकादमिक तनाव, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक स्वास्थ्य, धन की तंगी और व्यक्तिगत टकराव शामिल हैं। रिपोर्ट में परीक्षा में विफलता को प्रमुख कारण बताया गया है। 2014 से 2024 के बीच छात्रों की आत्महत्याओं के कुल मामलों में 21प्रतिशत छात्रों ने इस कारण जान दे दी। इस अवधि में सिर्फ 2021 को छोड़कर हर साल दो हजार से अधिक छात्रों ने विभिन्न परीक्षाओं में विफलता की वजह से जीवन गंवा दिया।

प्रश्नपत्रों के लीक होने से कई तरह का बोझ पड़ता है। छात्रों और उनके परिवार के लिए परीक्षाओं की तैयारी महंगी पड़ती है। हर साल बड़ी संख्या में छात्र कोचिंग संस्थाओं की शरण में जाते हैं। शिक्षा पर विस्तृत मॉड्यूलर सर्वे 2025 (सीएमएस-ई) के अनुसार हायर सेकंडरी के 37प्रतिशत शहरी और ग्रामीण छात्रों ने प्राइवेट कोचिंग ली है। इस स्तर पर प्रति छात्र कोचिंग का खर्च 6384 रुपए आया है। शिक्षा के संबंध में कुछ आंकड़े चिंताजनक हैं।

**-राजेश पांडेय**

# करप्शन अगेंस्ट इंडिया

2004 से लेकर 2014 तक देश में यूपीए शासन रहा, जिसकी अगुवाई कांग्रेस ने की। इस सरकार पर 2010 में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स, कोयला ब्लॉक आबंटन और 2जी स्पेक्ट्रम के आबंटन में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे। 2011 में अन्ना हजारे ने भ्रष्टाचार मिटाने के लिए लोकपाल लाने के नाम पर ही लंबा आंदोलन किया। जिसमें भाजपा और मीडिया का पूरा साथ रहा। तब फिल्म जगत के लोगों ने भी डॉ.मनमोहन सिंह का खूब मजाक उड़ाया। तब केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई पर भी सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए उसे पिंजरे का तोता कहा था। कांग्रेस के खिलाफ बने इस माहौल का ही असर था कि 2014 में भाजपा की सरकार बनी और इसके बाद कभी कांग्रेसमुक्त भारत तो कभी विपक्षमुक्त भारत बनाने की कोशिशें हुईं। यह और बात है कि भाजपा की ये कोशिशें नाकाम रहीं, मगर देश के लोकतांत्रिक ढांचे को इसमें जबरदस्त नुकसान हुआ है। ये सारी बातें इस समय करने की जरूरत पड़ रही है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कोयला ब्लॉक आबंटन मामले में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के खिलाफ आपराधिक मामले को बंद कर दिया और उन्हें समन जारी करने के आदेश को रद्द कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीबीआई ने 2014 में दो बार क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर साफ कहा था कि मनमोहन सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला चलाने के लिए पर्याप्त साक्ष्य नहीं हैं। इसके बावजूद विशेष अदालत ने क्लोजर रिपोर्ट खारिज कर दी थी और 2015 में उन्हें आरोपी के रूप में तलब कर लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने अब कहा कि विशेष अदालत के पास सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को ठुकराने का कोई ठोस कारण नहीं था, इसलिए अदालत ने उस आदेश को रद्द करते हुए मामला गुण–दोष के आधार पर बंद कर दिया। चूंकि 27 दिसंबर 2024 में मनमोहन सिंह का निधन हो चुका था, इसलिए यह फैसला उन्हें मरणोपरांत कानूनी राहत देने वाला माना जा रहा है। डा. सिंह अपने निर्दोष होने के फैसले को सुनने के लिए इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन जनवरी 2014 में अपनी आखिरी प्रेस कांफ्रेंस में मनमोहन सिंह ने भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े सवाल पर कहा था, 'मैं इस मामले में थोड़ा दुःखी महसूस करता हूं क्योंकि मैंने ही इस बात पर जोर दिया था कि स्पेक्ट्रम आबंटन पारदर्शी और निष्पक्ष हो। मैं ही था जिसने जोर देकर कहा था कि कोल ब्लॉक का आबंटन नीलामी के आधार पर हो, लेकिन इन तथ्यों को भुला दिया गया। इस मामले में विपक्ष का अपना स्वार्थ निहित था। कुछ मौकों पर मीडिया उनके हाथ का खिलौना भी बन गया।' उन्होंने कहा था कि 'इसलिए मेरे पास इसकी हर वजह है कि जब भी इस समय का इतिहास लिखा जाएगा, हम बेदाग बाहर आएंगे। मनमोहन सिंह ने कहा, 'मैं मानता हूं कि इतिहास मेरे प्रति आज के मीडिया के मुकाबले ज्यादा उदार होगा।

# बढ़ते अरबपति गतिशील इकोनोमी के परिचायक




एक बात तो साफ हो जानी चाहिए कि देश की इकोनोमी में तेजी से बदलाव देखा जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा पिछले दिनों में संसद में प्रस्तुत आंकड़ों का ही विश्लेषण करें तो दो बातें साफ हो जाती है कि देश में अरबपतियों की संख्या में बेतहासा बढ़ोतरी हो रही है तो दूसरी और इंकमटैक्स रिटर्न भरने वालों की भी संख्या में इजाफा हो रहा है। संसद में पेश आंकड़ों के विश्लेषण से यह साफ हो रहा है कि आयकर रिटर्न में 100 करोड़ से अधिक की आय बताने वालों की संख्या 2021-22 की 142 से बढ़कर 576 हो गई है। आयकर रिटर्न के अनुसार पिछले सालों एक अरब से अधिक आय वालों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इसे गतिशील अर्थ व्यवस्था का परिचायक माना जा सकता है। पिछले पांच साल के आंकड़ों का ही विश्लेषण किया जाएं तो देश में बेरोजगारी की दर में भी कमी आई है। हांलाकि सरकार इसके लिए अपनी लोककल्याणकारी नीतियों को श्रेय देती है। आयकर प्रक्रिया में सुधार, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से सीधा लाभ, खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, परिवहन , पानी बिजली आदि आदि की जनहितकारी योजनाओं और निवेशोन्मुखी माहौल से देष में तेजी से सुधार का माहौल बना है। हांलाकि देश के कुल परिसंपत्तियों में 50 फीसदी से अधिक लोग केवल 2 प्रतिशत की ही हिस्सेदारी रखते हैं। अच्छी बात यह है कि आज की युवा पीढ़ी सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ रही है और युवकों के साथ ही महिलाओं की भागीदारी भी तेजी से बढ़ रही है।

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि सरकार की नीतियों का अर्थ व्यवस्था को गति देने में खास भूमिका होती है। आज दुनिया के देशों में ईज ऑफ डूइंग पर जोर दिया जा रहा है। देशों में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष और देशी विदेशी निवेश बहुत कुछ सरकार की नीतियों पर निर्भर करता है। बुनियादी ढांचा विकास, उद्योगों को प्रोत्साहन, सेवा क्षेत्र में विस्तार, स्टार्टअप्स को बढ़ावा, जीएसटी एक देश एक कर की नीति, डिजिटल भुगतान और विनिर्माण क्षेत्र में विस्तार से औद्योगिक माहौल बनता है। एक बात और की एमएसएमई आर्थिक विकास की रीढ होती है। इसे ग्रोथ इंजन भी कहा जा सकता है क्योंकि इससे अर्थ व्यवस्था को गति मिलती है तो स्थानीय स्तर पर बड़ी मात्रा में रोजगार के अवसर भी एमएसएमई सेक्टर में ही विकसित होते हैं। यही कारण है प्रोडक्सन लिंक इंसेटिंव जैसी योजनाओं और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने से युवा रोजगार मांगने की जगह रोजगार प्रदाता बनने का सपना देखता है और इसमें कोई दे राय नहीं कि एमएसएमई सेक्टर में अधिक रोजगार के अवसर विकसित होते हैं। अर्थ व्यवस्था को गति मिलती है। हांलाकि बड़े उद्योगों का अपना महत्व हे और उससे इंकार नहीं किया जा सकता। एक और बात यह है कि देश में निवेशोन्मुखी माहौल बन रहा है। राज्यों द्वारा अब निवेशकों को आकर्षित और आमंत्रित करने के लिए अन्य राज्यों के साथ ही प्रोस्पेक्टिव विदेशों में रोड शो सहित विभिन्न आयोजन कर निवेश का माहौल बनाया जाता है। राज्यों द्वारा निवेश सम्मेलन और निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए आयोजन आम होते जा रहे हैं। इसके परिणाम भी आने लगे हैं। यह भी साफ है कि उद्योग लगाने के लिए निवेश आयेगा तो रोजगार, कारोबार के साथ ही नई तकनीक और इसके साथ ही अन्य कई चीजें आयेगी और उसका लाभ देश और देश की अर्थ व्यवस्था को ही मिलेगा। सवाल एक और उभरता है कि अमीर-गरीब की खाईं अधिक गहरी नहीं होनी चाहिए। सकारात्मक पक्ष यह है कि रोजगार और रोजगार के अवसर बढ़े हैं। नागरिकों की आय बढने लगी है और इसका समाज के समग्र विकास पर असर पड़ता है। आय बढ़ेगी या रोजगार उपलब्ध होगा तो रहन-सहन, जीवन यापन के स्तर में सुधार होगा। लोगों की आय बढ़ेगी और आय से बाजार में मांग आपूर्ति में बदलाव आयेगा और इससे इकोनोमी को गति मिलेगी। अरबपतियों की संख्या में बढ़ोतरी अच्छी बात है पर अमीर गरीब के बीच खाईं पाटने के प्रयास अभी नाखाफी ही लग रहे हैं।

**-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

**दिनांक 02 अगस्त 2026 रविवार**

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज वृषभ कर्क कन्या वृश्चिक मकर और मीन राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। रविवार का दिन साक्षात प्रत्यक्ष देवता भगवान सूर्य नारायण की साधना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन सूर्य देव को तांबे के पात्र से जल में लाल चंदन और लाल पुष्प मिलाकर अर्घ्य देना तथा आदित्य हृदय स्तोत्र का वाचन करना जीवन में असीम तेज आरोग्यता पारिवारिक सुख और उच्च प्रशासनिक सफलता लेकर आता है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक साख और व्यावसायिक सम्मान में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव अत्यधिक होगा और सोचे हुए सभी रुके हुए काम गति पाएंगे। व्यापारिक क्षेत्र में चल रही पुरानी सुस्ती आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। सूर्य देव को जल अर्पित करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि भवन से जुड़े पुराने विवाद हल होंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के सहयोग से आपको किसी मुख्य और सम्मानित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मस्तक ऊंचा होगा और मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। आदित्य हृदय स्तोत्र का वाचन करें जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल व्यावसायिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। सूर्य नारायण जी के सम्मुख दीप प्रज्वलित करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद को अत्यधिक ऊजार्वान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। सूर्य देव को अर्घ्य समर्पित करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर लाल चंदन का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और उच्च सहयोगियों की मदद से किसी महत्वपूर्ण नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी सच्ची मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। असहाय लोगों के लिए अन्न की व्यवस्था करें जिससे आपके यश में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र विस्तृत होगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई महत्वपूर्ण रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी मंदिर में लाल वस्त्र का दान करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। सूर्य कवच का वाचन करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का अधिक लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखित प्रमाण के कोई महत्वपूर्ण आर्थिक व्यवहार न करें। सूर्य गायत्री मंत्र का मानसिक जाप करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साझेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए मुख्य व्यावसायिक सहयोगी सम्मिलित होने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। सूर्य नारायण जी को याद करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर षड्यंत्र को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत महत्वपूर्ण और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। पक्षियों को अन्न खिलाएं जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को असीम राहत मिलेगी। किसी सूर्य मंदिर में धार्मिक पुस्तक दान करें जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

रविवार के दिन घर के मुख्य हॉल में पूर्व की दिशा में तांबे के कलश में स्वच्छ जल भरकर स्थापित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा और भयंकर वास्तु दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात सूर्य देव की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का आर्थिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा संवर्धित होती रहती है।

# भुक भुके में महानगर की टोह लेने निकले नगर आयुक्त हकीकत देख चौंके

## सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर आउटसोर्सिंग कंपनियों को एफआईआर और ठेका रद्द करने की दी खुली चेतावनी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा, वृंदावन।

आगामी धार्मिक पर्वों और वृंदावन में रोजाना आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण देने के उद्देश्य से नगर निगम पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। शुक्रवार तड़के छह बजे नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने वृंदावन क्षेत्र में अचानक पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था, नाला सफाई, डलावघर, अतिक्रमण और सार्वजनिक शौचालयों की जमीनी स्थिति का गहन निरीक्षण किया। नगर आयुक्त की इस अचानक छापेमारी से सफाई से जुड़ी प्राइवेट एजेंसियों और अधिकारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त रमनरेती पुलिस चौकी और माहेश्वरी गली स्थित फोगला आश्रम के पास बने सुलभ शौचालयों में पहुंचे। स्थानीय लोगों द्वारा तय शुल्क से अधिक पैसे वसूलने (ओवरचार्जिंग) की शिकायत सही पाए जाने पर नगर आयुक्त का पारा चढ़ गया। उन्होंने मौके पर ही कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई और संचालन संस्था ह्यसुलभ शौचालय कॉम्प्लेक्स शोध संस्थानह्न को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं, ओवरचार्जिंग में लिप्त पाए गए कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से हटाने का आदेश दिया। वार्ड संख्या-69 के रतनछतरी क्षेत्र में एक सार्वजनिक शौचालय बंद पाया गया। स्थानीय निवासियों ने नगर आयुक्त को बताया कि यह शौचालय महीनों से खुलता ही नहीं है। इस पर सख्त नाराजगी जताते हुए नगर आयुक्त ने इसे तत्काल शुरू कराने का आदेश दिया। साथ ही उन्होंने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिया कि इस बंद शौचालय के एवज में पिछले 1 साल में हुए सभी भुगतानों का रिकॉर्ड मंगवाया जाए। यदि कागजों में धांधली या फर्जी भुगतान पाया गया, तो संबंधितों के खिलाफ रिकवरी जारी करने की कड़ी कार्रवाई होगी। 100 फुटा तिराहा से पापड़ी चौराहा, चौतन्य विहार और रमनरेती मार्ग पर फैली गंदगी पर नगर आयुक्त ने कार्यदायी संस्था लायंस प्राइवेट लिमिटेड को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने मशीनरी बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि सुबह 8 बजे से पहले हर हाल में सफाई कार्य पूरा करने का समय तय किया गया है। निरीक्षण के दौरान ह्यकिंग ग्रुपह्न और ह्यमैसूरह्न एजेंसियों के सफाई कर्मचारी तय संख्या से कम मिले, वहीं कई बिना आईडी और यूनिफॉर्म के काम करते दिखे। इन कंपनियों के प्रतिनिधियों को नोटिस जारी कर आर्थिक दंड लगाने के निर्देश दिए गए। वार्ड संख्या-67 में रामस्वरूप जी के पंडाल के पास बने डलावघर को तुरंत किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए, ताकि आसपास के क्षेत्र में बदबू और गंदगी न फैले। फोगला आश्रम के पीछे स्थित एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र से जुड़ी जर्जर सड़क का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू करने के आदेश जारी हुए। नगर आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि वृंदावन में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु व विदेशी पर्यटक आते हैं। ऐसे में सफाई और जनसुविधाएं नगर निगम की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे खुद सड़कों पर उतरकर निगरानी करें। भविष्य में यदि कोई कमी मिली तो ठेकेदारों पर प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। इस दौरान उनके साथ अपर नगर आयुक्त सी.पी. पाठक, सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी, सफाई निरीक्षक व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।





**क्या कहा...**

श्रद्धालुओं और जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। भ्रष्टाचार या लापरवाही मिली तो सीधे एफआईटार दर्ज कराई जाएगी।

-ओजस्वी राज, नगर आयुक्त

## बाल विकास पुष्टाहार कार्यालय से इन्वर्टर बैटरी चोरी, ताले तोड़कर घुसे चोर

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, चौमुहां।



**चौमुहां।** थाना जैंत क्षेत्र के आझई हाईवे स्थित बाल विकास पुष्टाहार कार्यालय में बुधवार रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर इन्वर्टर और बैटरी चोरी कर ली। चोर मुख्य गेट का ताला तोड़कर परिसर में दाखिल हुए। इसके बाद अंदर के गेट का ताला भी तोड़ दिया और कार्यालय में रखा इन्वर्टर व बैटरी लेकर फरार हो गए। चोरों ने कार्यालय के मुख्य कक्ष का ताला तोड़ने का भी प्रयास किया, लेकिन उसमें सफल नहीं हो सके। सुबह घटना की जानकारी होने पर विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर थाना जैंत पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) सुमन देवी ने थाना जैंत में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि चोर कार्यालय परिसर में रखे इन्वर्टर और बैटरी चोरी कर ले गए हैं। कार्यालय के अन्य कमरों के ताले तोड़ने का भी प्रयास किया गया, लेकिन चोर सफल नहीं हो सके। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ मामले की जांच में जुटी है।

## 4,872 नए टीबी के मरीज आए सामने, विशेष अभियान 24 मार्च से 2 जुलाई तक पूरे जनपद में चलाया गया

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

**मथुरा।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मथुरा जनपद में चलाए गए 100 दिवसीय टीबी रोग खोजी अभियान में बड़ी सफलता मिली है। अभियान के दौरान जिले में 4,872 नए क्षय रोगियों (टीबी मरीजों) की पहचान की गई है, जिनका उपचार शुरू कर दिया गया है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संजीव यादव ने बताया कि यह विशेष अभियान 24 मार्च से 2 जुलाई तक पूरे जनपद में चलाया गया। अभियान के तहत शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों, सभी तहसीलों और विकास खंडों में व्यापक स्तर पर टीबी की स्क्रीनिंग और जांच की गई। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान करीब 82 हजार एक्स-रे और लगभग 16 हजार नैट टेस्ट किए गए। इन जांचों के आधार पर 4,872 नए टीबी मरीजों की पहचान हुई, जिसका इलाज महर्षि दयानंद सरस्वती जिला चिकित्सालय के क्षय रोग विभाग एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से शुरू करा दिया गया है। डॉ. संजीव यादव ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को लगातार खांसी, सांस फूलने की समस्या, वजन लगातार कम होना या टीबी जैसे अन्य लक्षण दिखाई दें, तो वह बिना देर किए नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल में अपनी जांच अवश्य कराएं। समय पर जांच और उपचार से टीबी जैसी गंभीर बीमारी को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है और इसके संक्रमण को भी रोका जा सकता है।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, चौमुहां।

थाना जैंत पुलिस को कानून व्यवस्था और सुरक्षा के मोर्चे पर एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने एक नाबालिग बच्ची को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता को भी सकुशल बरामद कर लिया है। थाना जैंत पुलिस से मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग और अपराधियों की धरपकड़ के लिए गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मघेरा चौराहा पर बाटी रोड की तरफ घेराबंदी की। सुबह करीब 09रू15 बजे पुलिस ने वांछित अभियुक्त को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी की पहचान गौरव खन्ना (उम्र करीब 19 वर्ष) पुत्र अजय खन्ना के रूप में हुई है।

वह मोहल्ला जनकपुरी, थाना सिविल लाइंस, जिला मुजफ्फरनगर का निवासी है। आरोपी के खिलाफ थाना जैंत में पहले से ही मुकदमा धारा 137(2) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत मामला दर्ज था, जिसमें वह वांछित चल रहा था। पीड़िता की बरामदगी और मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मुकदमे में कड़ी कानूनी धाराओं का इजाफा किया है।

अब अभियुक्त गौरव खन्ना के खिलाफ पूर्व में दर्ज धारा के अलावा भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 64(1), 87, 115(2), 352, 351(2) और अत्यंत गंभीर 3,4 पोक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई है।थाना जैंत पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों और पीड़िता के परिजनों ने सराहना की है।

## उमस भरी गर्मी के चलते परिषदीय स्कूलों का समय बदलने की मांग

**बलदेव।** उमस भरी गर्मी के कारण परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को स्कूल से घर लौटते समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में स्कूलों की छुट्टी दोपहर 2 बजे होती है, जो दिन का सबसे अधिक गर्म समय होता है। तेज धूप और उमस के कारण छोटे छोटे बच्चों के चेहरे लाल पड़ जाते हैं तथा उन्हें अत्यधिक गर्मी झेलनी पड़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की समस्या भी बनी हुई है। कई विद्यालयों में नियमित बिजली न होने से पंखे नहीं चल पाते, जिससे बच्चों और शिक्षकों को उमस व गर्मी में पढ़ाई करनी पड़ती है। इन परिस्थितियों को देखते हुए अभिभावकों व शिक्षक नेता योगेश चौधरी,विश्वेंद्र सिंह,करतार सिंह,कर्मवीर सिंह,विक्रम सिंह,सुजीत वर्मा आदि ने जिलाधिकारी मथुरा से मांग की है कि परिषदीय विद्यालयों का समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक किया जाए, ताकि बच्चों को भीषण गर्मी से राहत मिल सके और उनका स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहे।

## गौवंश सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश का किया निरीक्षण

### बरसात में गोवंश की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने छाता तहसील के ग्राम ऐच स्थित गो-आश्रय स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बरसात के मौसम को देखते हुए गौवंश को बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए और गौशाला प्रबंधन को साफ-सफाई तथा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि गौवंश की सेवा और संरक्षण सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। ऐसे में गौशालाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने वर्षा से बचाव के लिए शेडों की स्थिति बेहतर रखने और गौवंश को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। रमाकांत उपाध्याय ने गो-आश्रय स्थल में गोवंशों की देखभाल, रखरखाव और उपलब्ध सुविधाओं का विस्तार से निरीक्षण किया। उन्होंने गौवंशों की संख्या, शेड की स्थिति, स्वच्छता, पेयजल, हरे चारे, भूसा भंडारण तथा पोषण संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। साथ ही गौशाला प्रबंधन से पशुओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और बीमार गौवंश के उपचार की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी गौवंशों की शत-प्रतिशत ईयर टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि उनकी पहचान और निगरानी बेहतर तरीके से हो सके। इसके अलावा गौशाला प्रबंधक को निर्देशित किया कि पशुओं के लिए अधिक से अधिक हरा चारा उपलब्ध कराया जाए, जिससे उनके स्वास्थ्य और पोषण में सुधार हो सके। निरीक्षण के अंत में उन्होंने व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियमित निगरानी और बेहतर प्रबंधन से ही गौवंश की समुचित देखभाल सुनिश्चित की जा सकती है।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी छाता भूषण वर्मा, तहसीलदार छाता सचिन पवार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।

## निमार्णाधीन मकान की तीसरी मंजिल से गिर कर राजमिस्त्री की दर्दनाक मौत

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

थाना रिफाइनरी क्षेत्र के गंगा सिटी स्थित एक निमार्णाधीन मकान में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हो गया। तीसरी मंजिल पर निर्माण कार्य कर रहे एक राजमिस्त्री की नीचे गिरने से गंभीर चोटें आईं। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, गिर्राज वाटिका निवासी रामवीर अपने साले गोपाल प्रसाद के साथ गंगा सिटी में हेमेंद्र के निमार्णाधीन मकान की तीसरी मंजिल पर काम कर रहे थे। इसी दौरान छत पर लगा एक पत्थर अचानक चटक गया, जिससे रामवीर का संतुलन बिगड़ गया और वह तीसरी मंजिल से सीधे नीचे जमीन पर गिर पड़े। साले गोपाल प्रसाद की आंखों के सामने हुए इस हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से घायल रामवीर को तत्काल स्वर्ण जयंती सिटी हॉस्पिटल ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उन्हें केडी हॉस्पिटल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर थाना रिफाइनरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं, अचानक हुए इस हादसे से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## श्रीनगर गांव के फूंके पड़े ट्रांसफार्मर को नहीं बदलवा रहा बिजली विभाग

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, बलदेव।

विकासखंड बलदेव के गांव श्रीनगर दघेंटा में विगत कई दिनों से बिजली के फूंके पड़े ट्रांसफार्मर को बिजली विभाग बदलवाने का नाम नहीं ले रहा है। जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के चलते बिजली न होने से लोग बीमार भी हो रहे हैं।गांव में 25 केवीए का ट्रांसफर लगा हुआ था जो कि लोड होने के कारण आए दिन फूंक जाता है। ग्रामीण गजेंद्र सिंह ने जिलाधिकारी से फूंके पड़े ट्रांसफार्मर को बदलवाने एवं लगने वाले नए ट्रांसफार्मर का लोड बढ़वाए जाने की मांग की है।


## जीजा साले को अज्ञात वाहन ने रौंदा, साले की मौत

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

गोवर्धन परिक्रमा कर लौट रहे जीजा-साले सड़क हादसे का शिकार हो गए। थाना मगोर्रा क्षेत्र के मथुरा-भरतपुर मार्ग पर मकेरा पुलिया के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में 30 वर्षीय राकेश की मौत हो गई, जबकि उनके जीजा सुशील गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, नगला प्रानसुख निवासी राकेश अपने जीजा सुशील के साथ गोवर्धन की परिक्रमा कर बुधवार सुबह करीब 8 बजे बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने राकेश को मृत घोषित कर दिया। घायल सुशील का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। वहीं, दुर्घटना करने वाले अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

# वृंदावन रंगनाथ मंदिर में सजी गज-ग्राह लीला, भगवान रंगनाथ के दिव्य दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



धार्मिक नगरी वृंदावन स्थित प्रसिद्ध रंगनाथ मंदिर में सावन के पावन अवसर पर परंपरागत गज-ग्राह लीला का भव्य मंचन किया गया। दक्षिण भारतीय वैष्णव परंपरा के अनुसार आयोजित इस दिव्य आयोजन को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंचे। भगवान रंगनाथ के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। परंपरा के अनुसार भगवान रंगनाथ गर्भगृह से स्वर्ण निर्मित गरुड़ वाहन पर सवार होकर शोभायात्रा के रूप में पूर्वी द्वार स्थित पवित्र पुष्करणी तक पहुंचे। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक पाठ के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पुष्करणी पहुंचने के बाद सेवायतों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना और पाठ संपन्न कराया गया। इसके बाद गज-ग्राह लीला का प्रतीकात्मक मंचन प्रारंभ हुआ। पौराणिक कथा के अनुसार जलाशय में स्नान कर रहे गजराज को ग्राह (मगरमच्छ) अपने जबड़ों में जकड़ लेता है। लंबे संघर्ष के बाद जब गजराज भगवान विष्णु का स्मरण करता है, तब भगवान तत्काल उसकी रक्षा के लिए पहुंचते हैं। इसी प्रसंग का सजीव मंचन किया गया, जिसमें भगवान रंगनाथ बिना चरण पादुका धारण किए गरुड़ पर सवार होकर पहुंचे और सुदर्शन चक्र से ग्राह का वध कर गजराज को संकट से मुक्त कराया। साथ ही ग्राह को भी मोक्ष प्रदान किया गया। करीब आधे घंटे तक चली इस दिव्य लीला के दौरान श्रद्धालु भक्ति में डूबे रहे और लगातार भगवान के जयकारे लगाते रहे।

लीला के समापन पर कुंभ आरती संपन्न हुई, जिसके बाद भगवान रंगनाथ की सवारी पुनः गर्भगृह में विराजमान हुई। मंदिर के अनुज स्वामी ने बताया कि यह पौराणिक परंपरा मंदिर की स्थापना काल से चली आ रही है। इसका संदेश यही है कि भगवान अपने सच्चे भक्त की पुकार सुनकर उसकी रक्षा के लिए तुरंत उपस्थित होते हैं।

## एफएलएन प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक बच्चों के सर्वांगीण विकास में निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, बलदेव।

बीआरसी बलदेव पर चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण के नए बैच का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण में प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक और शिक्षामित्र उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान भाषा और गणित की बुनियादी दक्षताओं के विकास, गतिविधि आधारित शिक्षण, खेल-खेल में सीखने की प्रक्रिया तथा बच्चों में तार्किक और रचनात्मक सोच विकसित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के संदर्भदाता एआरपी गीता रावत, खुशबू श्रीवास्तव, शुभम आंनद, लोकेश शर्मा और लक्ष्मण पांडेय ने शिक्षकों को एफएलएन मिशन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। सत्रों में नवीन शिक्षण तकनीकों, टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) के प्रभावी उपयोग, कक्षा शिक्षण को रोचक बनाने तथा बच्चों के अधिगम स्तर में सुधार के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।

एआरपी गीता रावत ने बताया कि एफएलएन मिशन का उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में पढ़ने, लिखने और गणना करने की बुनियादी क्षमताओं का विकास करना है।

इसके लिए शिक्षकों को व्यवहारिक एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक विद्यालयों में नवाचार अपनाकर बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## संतों के सम्मान में प्रज्वलित किये 71 दीप, सुख शांति कामना की

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, चौमुहां।



कस्बा चौमुहां स्थित ब्रह्मा जी मंदिर परिसर में भाजपा नेता व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शोभाराम शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं द्वारा संत सम्मान एवं दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान संतों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया गया तथा समाज में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए 71 दीप प्रज्वलित किए गए। कार्यक्रम में राधा मोहन जी गौशाला के संचालक एवं यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत जयकृष्ण दास महाराज का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। वहीं ब्रह्मा जी मंदिर के महंत धनीराम बाबा का भी सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। धार्मिक वातावरण के बीच श्रद्धालुओं और कार्यकताओं ने दीप प्रज्वलित कर राष्ट्र और समाज की उन्नति की प्रार्थना की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पंडित शोभाराम शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में संतों का स्थान सर्वोपरि है।

संत समाज को सही दिशा देने का कार्य करते हैं और उनके मार्गदर्शन से सामाजिक समरसता, नैतिकता तथा आध्यात्मिक चेतना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ते हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुदिता शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति संतों की परंपरा पर आधारित रही है। संतों के आदर्श और उनके संदेश आज भी समाज को एकजुट रखने की प्रेरणा देते हैं।

उन्होंने कहा कि दीप प्रज्वलन केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान, सेवा और सद्भाव का प्रकाश फैलाने का प्रतीक है। उन्होंने सभी से समाजहित और राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। राजाराम शर्मा, सियाराम शर्मा, डॉ राजवीर सिंह, मुरारी सिंह मण्डल अध्यक्ष, राजू पहलवान, जगन्नाथ सिंह, कालू पहलवान, माधव, शिवराम सिंह, राहुल शर्मा, मुकेश सिसोदिया उपस्थित रहे।

## हनुमान दल ने श्री कृष्ण जन्मस्थान चलने का किया आह्वान

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, राया।



राष्ट्रीय हनुमान दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह रावत के कुशल नेतृत्व में राया नगर इकाई के नवनियुक्त नगर अध्यक्ष नीरज शर्मा के कैंप कार्यालय का शुभारम्भ एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यालय का फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। इसके उपरांत उपस्थित मुख्यातिथि प्रदेश अध्यक्ष डॉ नरेन्द्र सिंह रावत ने नवनियुक्त नगर अध्यक्ष नीरज शर्मा एवं जिला प्रचार मंत्री राजकुमार उपमन्यु को को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा समाज सेवा एवं राष्ट्रहित के कार्यों को प्राथमिकता देने एवं 9 अगस्त को कार सेवा हेतु एकजुट हो श्री कृष्ण जन्मस्थान चलने का आह्वान किया।

समारोह में विभिन्न पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का माल्यार्पण एवं पटका पहनाकर सम्मान किया गया। वक्ताओं में ब्रज क्षेत्र संरक्षक राकेश बंसल नें कहा कि राष्ट्रीय हनुमान दल समाज में सेवा, संस्कार और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है तथा युवाओं को संगठन से जोड़ने का अभियान आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया गया तथा संगठन की मजबूती एवं जनसेवा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान मनोज नागर, मूली शर्मा, हरिमोहन उपमंन्यु, टीकाराम, देवेंद्र सिंह, शेखर चौधरी, हरिओम चौधरी, सूरज चौधरी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे संचालन डॉ दशरथ शर्मा नें किया।

# करहल में पूर्व एमएलसी अरविंद प्रताप यादव की मार्केट में युवक पर फायरिंग, इलाके में फैली दहशत





टीएनएफ टुडे, करहल (मैनपुरी)।

कस्बा करहल के घिरोर चौराहे के निकट स्थित पूर्व एमएलसी अरविंद प्रताप यादव की मार्केट पर गुरुवार को एक युवक पर फायरिंग की घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, किसी आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद मामला इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने फायरिंग कर दी। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। हालांकि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन फायरिंग की वारदात से लोग सहम गए।

घटना की सूचना मिलते ही करहल थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की तथा घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि घटना में शामिल लोगों की पहचान की जा सके।

पीड़ित पक्ष ने मामले में पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है और जो भी तथ्य जांच में सामने आएंगे, उनके अनुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

दिनदहाड़े हुई फायरिंग की इस घटना ने बाजार क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने बाजार में पुलिस गश्त बढ़ाने तथा आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद घटना के वास्तविक कारणों और आरोपियों की भूमिका स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जसराना पुलिस ने 490 ग्राम गांजा के साथ युवक दबोचा

**फिरोजाबाद।** थाना जसराना पुलिस ने शुक्रवार को चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को 490 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत रामा तिराहा बाईपास रोड पर मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की गई। यहां से ग्राम झपारा निवासी भानू प्रताप (25) को गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 490 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।

पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी का आपराधिक इतिहास भी है और उसके विरुद्ध पहले से हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, चोरी सहित विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं।

# करहल में जमीन विवाद को लेकर पूर्व चेयरमैन ने साथियों के साथ मिलकर दंपति पर किया हमला

### एसपी से कार्रवाई की लगाई गुहार



टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

थाना करहल क्षेत्र के ग्राम नगला अनिया निवासी नम्रता पत्नी विवेक कुमार ने पुलिस अधीक्षक मैनपुरी को शिकायती पत्र देकर जमीन पर कब्जे के विवाद में मारपीट, फायरिंग, जान से मारने की धमकी और लूटपाट का आरोप लगाया है।

पीड़िता के अनुसार 30 जुलाई को दोपहर करीब 2 बजे वह अपने पति विवेक कुमार के साथ विवादित खेत पर मौजूद थीं। इसी दौरान संजीव यादव, प्रशांत उर्फ टीटू, रिंकू, मनोज तथा दो-तीन अन्य लोगों ने कथित रूप से असलहों के साथ पहुंचकर हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने दंपति के साथ मारपीट की, कई राउंड फायरिंग की, गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा महिला के साथ अभद्रता भी की।

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि हमलावरों ने पीड़ित के गले से सोने की चेन, जेब से नकदी, कोर्ट केस से संबंधित दस्तावेज और मोबाइल फोन छीन लिया तथा ट्रैक्टर में भी तोड़फोड़ की। महिला का कहना है कि घटना के दौरान आरोपियों ने अपने राजनीतिक प्रभाव का हवाला देते हुए किसी भी कार्रवाई से बच निकलने की धमकी दी।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि सूचना मिलने पर तहसीलदार मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से चले गए। इसके बाद जब वह थाना करहल पहुंची तो उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई और न ही चिकित्सीय परीक्षण कराया गया।

पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।



## जैन इंटर कॉलेज के सामने गड्ढा भरने से लोगों ने ली राहत की सांस, खबर का बड़ा असर, पीडब्ल्यूडी ने तत्काल कराई मरम्मत

**करहल।** जैन इंटर कॉलेज के सामने सड़क पर बना गहरा गड्ढा लोगों के लिए दुर्घटना का कारण बन रहा था। इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने संज्ञान लेते हुए गड्ढे को भरवा दिया। गड्ढा भर जाने से अब राहगीरों, स्कूली छात्रों और वाहन चालकों को काफी राहत मिली है। स्थानीय लोगों ने पीडब्ल्यूडी विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय रहते कार्रवाई होने से संभावित हादसों पर रोक लगेगी। उन्होंने यह भी कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने वाली पत्रकारिता का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। स्थानीय नागरिकों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह जनसमस्याओं का त्वरित समाधान कराया जाएगा, ताकि आम जनता को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## करहल एसडीएम सुनिष्ठा सिंह ने सरकारी जमीन को कराया कब्जामुक्त, मिशन समाधान के तहत हुई कार्रवाई

**करहल (मैनपुरी)।** करहल तहसील क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए मिशन समाधान अभियान के तहत कार्रवाई की। बृहस्पतिवार को बरनाहल विकासखंड के गांव चंदीकरा में एसडीएम सुनिष्ठा सिंह की मौजूदगी में राजस्व टीम ने विभिन्न सरकारी जमीनों की पैमाइश कर उन्हें कब्जामुक्त कराया। अभियान के दौरान राजस्व टीम ने गांव में नवीन परती, चरागाह, चकरोड, नाली तथा जूनियर हाईस्कूल की भूमि समेत अन्य सरकारी संपत्तियों की नापजोख की। पैमाइश के बाद चिन्हित सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराते हुए उसकी मेड़बंदी भी कराई गई, ताकि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न हो सके। एसडीएम सुनिष्ठा सिंह ने कहा कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मिशन समाधान अभियान के तहत ऐसे मामलों में लगातार कार्रवाई जारी रहेगी और सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

## बटेश्वर मोक्षधाम का जीर्णोद्धार जरूरी, आवारा मवेशी से मुक्ति दिलाने को एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बाह।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मोनू शर्मा ने बटेश्वर के मोक्षधाम के जीर्णोद्वार एवं छुट्टा मवेशी के आतंक से ग्रामीण किसानों को मुक्ति दिलाने की मांग बाह के एसडीएम विनोद कुमार को सौंपे ज्ञापन में उठाई है। उन्होंने ज्ञापन में कहा है कि जैतपुर के नयेपुरा गांव में छुट्टा मवेशी के आतंक ने ग्रामीण किसानों का दिन का चैन और रात की नींद छीन ली है। सफाई न होने की बजह से बारिश का पानी आने से गांव का तालाब ओवरफ्लो हो गया है। पुरा खुमान का तालाब ओवरफ्लो होने से पानी गलियों में बहने लगा है। तालाब के पानी के साथ सांप, बिच्छू गलियों और घरों तक पहुंच रहे हैं। बटेश्वर का मोक्षधाम खंडहर में तब्दील हो गया है। टिनसेड का नामोनिशान नहीं बचा है। बारिश में खुले आसमान के नीचे शवों का अंतिम संस्कार करने को ग्रामीण मजबूर हैं। फरैरा और गुंगावली गांव में चकमार्ग पर कब्जा होने की बजह से किसान खेत खलिहान जाने को परेशान हैं। ज्ञापन देने वालों में गजेन्द्र सिंह भदौरिया, पिंकू भदौरिया, डॉ. राधेश्याम आदि रहे।

# करहल में भाजपा की जीत के लिए अनुजेश प्रताप यादव की भूमिका अहम

ऋषीकान्त दुबे



प्रदीप यादव | मनोज यादव | अनूप यादव | अंकित गुप्ता | सतीश यादव

**करहल।** करहल विधानसभा क्षेत्र में आगामी चुनावों को लेकर राजनीतिक चचाएं तेज होती जा रही हैं। क्षेत्र के लोगों का मानना है कि यदि भारतीय जनता पार्टी को करहल में मजबूत प्रदर्शन करना है तो पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अनुजेश प्रताप यादव को संगठन और चुनावी रणनीति में प्रमुख भूमिका देनी चाहिए। लोगों का कहना है कि अनुजेश प्रताप यादव लगातार गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क बनाए रखते हैं और क्षेत्र की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अनुजेश प्रताप यादव लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय हैं और विकास कार्यों के लिए अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों से लगातार मुलाकात करते रहते हैं। उनका मानना है कि इससे भाजपा को ग्रामीण क्षेत्रों में भी मजबूती मिल सकती है।

राजपुर के प्रधान प्रतिनिधि मनोज यादव "अनुजेश प्रताप यादव जमीन से जुड़े नेता हैं। वह लोगों की समस्याएं सुनते हैं। भाजपा को करहल में उन्हें और मजबूत जिम्मेदारी देनी चाहिए।"

सतीश यादव "करहल में भाजपा को मजबूत करने के लिए ऐसे नेता की जरूरत है जो हर वर्ग से जुड़ा हो। अनुजेश प्रताप यादव लगातार जनता के बीच रहते हैं।"

गंभीरा के प्रधान प्रतिनिधि अंकित गुप्ता "हमने कई बार उन्हें लोगों की समस्याओं को लेकर अधिकारियों से मिलते देखा है। क्षेत्र के विकास के लिए उनका प्रयास अच्छा है।"

कंचनपुर के प्रधान प्रदीप यादव ने बताया है कि "युवाओं के बीच भी उनकी अच्छी पहचान है। यदि पार्टी उन्हें आगे बढ़ाती है तो भाजपा को लाभ मिल सकता है।"

साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष अनूप यादव ने बताया है कि "अनुजेश प्रताप यादव संगठन और जनता के बीच सेतु का काम कर सकते हैं। करहल में भाजपा को उन्हें मजबूत नेतृत्व के रूप में तैयार करना चाहिए।"

# सफाईकर्मी पर प्रसूता से अभद्रता का आरोप

टीएनएफ टुडे, पिनाहट।

स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात सफाई कर्मी पर प्रसूता को भागने और पैसे मांगने का आरोप लगाते हुए अधीक्षक से शिकायत की गई है। बसई अरेला निवासी सुनील कुमार शर्मा ने शुक्रवार को सीएससी अधीक्षक डॉ प्रमोद कुशवाह से शिकायत की। कहा कि बसई अरेला में भोले बाबा बिक्र फील्ड के नाम से ईंट भट्टा है। 29 जुलाई को रात करीब दस बजे ईंट निकासी मजदूर अमरीन पत्नी बबलू को स्वजन डिलीवरी के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बसई अरेला पहुंचे।? जहां तैनात महिला सफाई कर्मी ने ईंट भट्ठे का नाम सुनते ही गाली गलौज करते हुए भगाने लगी। कहा कि तुम्हारी यहां पर डिलीवर नहीं होगी।

**भट्टा मजदूर ने कहा, रुपये देने से मना करने पर भगाया**

अगर डिलीवरी करानी है तो दो हजार रुपए नगद देने पड़ेंगे। महिला द्वारा मना करने पर। सफाई कर्मी ने धक्के देखकर प्रसूता को बाहर निकाल दिया। रात के समय गंभीर स्थिति होने पर स्वजन प्रसूता को प्राइवेट वाहन से राटौटी लेकर पहुंचे जहां महिला की डिलीवरी की गयी है।

भट्टा स्वामी सुनील कुमार शर्मा ने सफाई कर्मी पर गांव में चल रही पुरानी रंजिश का मामला बताते हुए कार्यवाही करने की मांग की है। वहीं अधीक्षक डॉ प्रमोद कुशवाह ने बताया कि जांच टीम गठित की गयी है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### नियमित हों इंटर कॉलेज के अस्थायी प्रधानाचार्य

# ज्ञापन लेने के बाद विधायक बोलीं- मुख्यमंत्री के सामने उठाएंगी मामला

टीएनएफ टुडे, बाह।

इंटरमीडिएट कॉलेजों में अस्थायी रूप से प्रधानाचार्य का दायित्व निभा रहे शिक्षकों ने स्थायीकरण (नियमितीकरण) की मांग उठाई है। शुक्रवार को बाह की विधायक पक्षालिका सिंह को मंडलीय अध्यक्ष डॉ. रामौतार, जिला अध्यक्ष मुकेश नरायन सिंह परमार के नेतृत्व में सौंपे गये ज्ञापन में कहा है कि कई शिक्षक बिना स्थायीकरण के ही 35 साल बाद सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले से ही प्रधानाचार्य का दायित्व निभा रहे शिक्षकों के स्थायीकरण से सरकार पर अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा। सभी पहले से ही पद के अनुरूप वेतन पा



रहे हैं। तर्क दिया कि स्थायीकरण होने से प्रधानाचार्यों को पूर्ण अधिकार मिलेंगे, जिससे विद्यालयों की व्यवस्था और शैक्षिक स्तर में सुधार होगा। विधायक पक्षालिका सिंह ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने उनकी मांग को प्रभावी ढंग से रखेंगी। इस दौरान फतेहचन्द इंटर कॉलेज आगरा के प्रधानाचार्य योगेन्द्र सिंह, आशाराम रतनलाल इंटर कॉलेज जरार के प्रधानाचार्य मेहदी हसन, जनता इंटर कॉलेज मिढाकुर के प्रधानाचार्य संजय सिंह सोलंकी आदि मौजूद रहे।

# करहल में प्लॉट हड़पने के आरोप, पीड़िता ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

टीएनएफ टुडे, करहल।

कस्बा करहल के मोहल्ला काजी स्थित क्षत्रिय स्वर्णकार धर्मशाला के निकट एक महिला ने प्रयाग पब्लिक स्कूल के संचालक पर उसके बेशकीमती प्लॉट को कथित रूप से हड़पने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री समेत उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर मामले में निष्पक्ष जांच और मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

मोहल्ला काजी निवासी सुरेखा देवी का आरोप है कि उनके पति विनय कुमार शराब पीने के आदी हैं और बेरोजगार हैं। उनका एक पुत्र पूरी तरह दृष्टिबाधित है। महिला के अनुसार, प्रयाग पब्लिक स्कूल के पास स्थित उनका प्लॉट काफी



मूल्यवान है, जिस पर स्कूल संचालक अरुणेंद्र यादव की कथित रूप से नजर है।

शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि पहले स्कूल संचालक ने प्लॉट को स्कूल वाहनों की पार्किंग के लिए किराये पर लिया। इसके बाद कथित रूप से उनके पति को शराब पिलाकर फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया। पीड़िता का कहना है कि उनके पति के नाम कोई मकान या प्लॉट नहीं है और न ही उनके सास-ससुर ने कभी उक्त संपत्ति का कोई बैनामा किया है।

महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी उन्हें खुलेआम जान से मारने की धमकी देता है और जबरन प्लॉट पर कब्जा करने की बात कहता है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी वर्तमान में इटावा जनपद के सैफई क्षेत्र के निकट स्थित ग्राम अतिराजपुर का ग्राम प्रधान है। पीड़िता ने मुख्यमंत्री सहित संबंधित अधिकारियों से मामले में मुकदमा दर्ज कराकर न्याय दिलाने की मांग की है। उधर, करहल थाना पुलिस का कहना है कि महिला की तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# टूण्डला में आटा फ्लोर मिल की वायरल वीडियो का फूड कमिश्नर लखनऊ ने लिया संज्ञान

टीएनएफ टुडे, शिकोहाबाद।

सोशल मीडिया पर आटा मिलों द्वारा आटे में पत्थर का चूरा/सेलखड़ी मिलाए जाने संबंधी वायरल वीडियो के संज्ञान में आने के उपरांत जिलाधिकारी के निदेर्शों के अनुपालन में सहायक आयुक्त (खाद्य) फिरोजाबाद चन्दन पाण्डेय द्वारा जिले की समस्त आटा मिलों के सघन निरीक्षण हेतु विशेष जांच टीमों का गठन किया गया था। उक्त प्रकरण का खाद्य आयुक्त उत्तर प्रदेश डॉ. रोशन जैकब द्वारा भी गंभीरता से संज्ञान लेते हुए जनपद के अलावा आगरा, अलीगढ़ एवं हाथरस में विशेष जांच अभियान संचालित करने तथा प्रभावी विधिक कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में आज शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जनपद में पुनः विशेष सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जेपी फूड सिरसागंज, ओ.पी. फ्लोर मिल शिकोहाबाद, दुर्गा फ्लोर मिल शिकोहाबाद, आई.पी.एस. ट्रेडिंग कम्पनी सिरसागंज तथा शानवी एंटरप्राइजेज सांती ( फिरोजाबाद ) आटा मिलों पर पुनः औचक छापेमारी की गयी।।उक्त मिलों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक प्रतिष्ठान से आटे का एक-एक नमूना संग्रहित कर परीक्षण हेतु राजकीय प्रयोगशाला प्रेषित किए जाने की कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकांश प्रतिष्ठानों में स्टॉक रजिस्टर का समुचित संधारण न किया जाना, खाद्य पदार्थों के भंडारण एवं रख-रखाव में कमियां तथा खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों से संबंधित अन्य अनियमितताएं पाई गई।

सहायक आयुक्त खाद्य चंदन पाण्डे ने बताया कि मिली कमियों के संबंध में संबंधित खाद्य कारोबारकताओं को सुधार सूचना जारी की जा रही है तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 एवं उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

### विश्व स्तनपान सप्ताह आज से

# विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर स्तनपान के लिए किया जाएगा जागरूक

टीएनएफ टुडे, आगरा।

जिले में 1 से 7 अगस्त के मध्य विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाएगा। इस सप्ताह गर्भवती महिलाओं एवं हाल ही में बच्चे को जन्म देने वाली माताओं को 6 महीने की आयु तक के शिशुओं को मां का दूध पिलाने के फायदों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस वर्ष की थीम जीवन की स्थायी शुरूआत के लिए स्तनपानः जो कारगर है उसे मजबूत करें रखी गई है। जिले में स्वास्थ्य कर्मी महिलाओं को जागरूक करेंगी। शिशु को जन्म के 1 घंटे के अंदर मां का दूध पिलाना सुनिश्चित करेंगी और पहले 6 महीने तक सिर्फ स्तनपान कराने की सलाह देंगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि ने बताया ने बताया कि विश्व स्तनपान सप्ताह में गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को स्तनपान कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस सप्ताह महिलाओं को स्तनपान संबंधी भ्रांतियों को दूर किया जाएगा। शिशु के स्तनपान अधिकार के प्रति जागरूकता प्रदान करना भी इस सप्ताह को मनाने का उद्देश्य है। बच्चे को 6 महीने तक मां का दूध जरूर पिलाना चाहिए।

डिप्टी सीएमओ (आरसीएच) डॉ. सुरेंद्र मोहन प्रजापति ने बताया बौद्धिक स्तर में सुधार, शिशु और मां के बीच जुड़ाव, दस्त रोग निमोनिया कान व गले का संक्रमण आदि का खतरा कम होता है। मां के दूध में बच्चों के लिए प्रोटीन वसा कैलोरी लैक्टोज विटामिन लोहा खनिज पानी और एंजाइम प्राप्त मात्रा में होते हैं। मां का दूध पचने में त्वरित और आसान होता है। बच्चे को संक्रमण से सुरक्षित करता है। बच्चे के मस्तिष्क के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

जिला महिला अस्पताल में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. खुशबू केसरवानी नवजात के लिए मां का दूध अमृत हैं। जन्म के तुरंत बाद शिशु को मां का गाढ़ा पीला दूध पिलाया जाना अति आवश्यक है । जन्म से छह माह की आयु तक शिशु को केवल माँ का दूध ही दिया जाना चाहिए।

इसके साथ ही छह माह तक शिशु को पानी, शहद, घुट्टी, गाय/भैंस का दूध, जूस अथवा कोई अन्य तरल या ठोस आहार देने की आवश्यकता नहीं होती है।

## ऑल इंडिया पुलिस प्रतियोगिता में फिरोजाबाद के दो मुख्य आरक्षियों ने जीता कांस्य

**फिरोजाबाद।** हैदराबाद में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता में फिरोजाबाद पुलिस के दो मुख्य आरक्षियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर जिले और उत्तर प्रदेश पुलिस का नाम रोशन किया।

23 से 30 जुलाई तक आयोजित प्रतियोगिता की पेंचक सिलाट स्पर्धा में मुख्य आरक्षी रामू सिंह सिसोदिया और मुख्य आरक्षी गिरधारी सिंह ने बेहतरीन प्रदर्शन कर कांस्य पदक अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों ने पूरे टूनार्मेंट में अनुशासन, तकनीकी दक्षता और खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया।

# नशा मुक्ति युवा फॉर विकसित भारत विषय पर हुई प्रतियोगिताए




- गंजडुंडवारा के पीजी कॉलेज में हुआ कार्यक्रम का आयोजन
- विजेता प्रतिभागी किये गये पुरस्कृत

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार मेरा युवा भारत कासगंज द्वारा "नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत" विषय पर जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन पी.जी. गंजडूंडवारा कॉलेज में आज कार्यक्रम आयोजित किया गया।

चित्रकला, भाषण, स्लोगन लेखन, सामूहिक लोकगीत, नुक्कड़ नाटक तथा अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियों ने नशे के दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हुए समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया।

मुख्य अतिथि प्राचार्य डा. शेखर शर्मा ने बताया कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है। यदि युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल, नवाचार एवं सामाजिक कार्यों में अपनी ऊर्जा लगाएंगे, तो विकसित भारत 2047 का लक्ष्य शीघ्र ही साकार होगा। प्रतियोगिताओं में प्रस्तुत चित्रों, भाषणों एवं नारों ने उपस्थित सभी लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक होने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मेरा युवा भारत के उप निदेशक पुनीत गोयल ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक युवा स्वयं नशामुक्त रहने के साथ-साथ अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करे।

सभी प्रतिभागियों ने "नशा मुक्त भारत झ विकसित भारत" के संकल्प को दोहराते हुए समाज में जन-जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

निर्णायक मंडल में डा. योगेंद्र कुमार द्विवेदी, डा. अंकित कौशल, डा. तेज प्रताप सिंह, दयानंद श्रीवास्तव, डा. श्रुति बघेल, डा. रीतू गुप्ता, श्री पाल सिंह आदि सदस्य के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं के परिणाम

चित्रकला में प्रथम स्थान सूर्यकांत, भाषण में प्रथम स्थान सौरभ, कविता में प्रथम स्थान प्रांजुल, शॉर्ट रील में प्रथम स्थान उत्तम गुप्ता, नारे लेखन में प्रथम स्थान अंजली यादव, लोकगीत में प्रथम स्थान उत्कर्ष उपाध्याय टीम का रहा। जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी आगामी राज्य स्तरीयप्रतियोगिताओं में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कार्यक्रम का संचालन यूथ आइकन दयानंद श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक गण एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# आगामी चेहल्लुम जुलूस को लेकर ताजियेदारों के साथ बैठक

- कोतवाली प्रभारी रूपेश वर्मा ने शासन के निर्देशों का
- पालन कराने पर दिया जोर ताजियों की ऊंचाई 9 फीट रखने के निर्देश

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगंज (एटा)।

आगामी चेहल्लुम जुलूस को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे कोतवाली अलीगंज में प्रभारी निरीक्षक रूपेश वर्मा की अध्यक्षता में ताजियेदारों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में कस्बा इंचार्ज मनीष बलियान भी मौजूद रहे। इस दौरान शासन के निदेर्शों का शत-प्रतिशत पालन कराने तथा जुलूस के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि 6 अगस्त की शाम को चेहल्लुम का जुलूस मोहल्ला टपकन टोला स्थित नूर अहमद उर्फ मुकेश के यहां से प्रारंभ होगा। इसके बाद जुलूस मातादीन चौराहा (मोहल्ला मेवातियान) पहुंचेगा, जहां मातम किया जाएगा। इसके उपरांत जुलूस गांधी चौराहा पहुंचेगा, जहां करीब दो घंटे तक मातम का कार्यक्रम होगा। बैठक में जानकारी दी गई कि इस वर्ष कुल 12 ताजिए निकाले जाएंगे, जिनकी अधिकतम ऊंचाई 9 फीट निर्धारित की गई है। जुलूस में करीब 1500 लोगों के शामिल होने का अनुमान है।

प्रभारी निरीक्षक रूपेश वर्मा ने ताजियेदारों से कहा कि शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा-निदेर्शों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए। ताजियों की ऊंचाई 9 फीट से अधिक न रखी जाए, जुलूस निर्धारित मार्ग एवं समय के अनुसार निकाला जाए तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देते हुए आपसी भाईचारा बनाए रखें। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें और पुलिस-प्रशासन का पूरा सहयोग करें।

बैठक में आकिल, चांद मियां, नूर अहमद, इदरीश, बारिश और जमीर सहित तमाम ताजियेदार उपस्थित रहे।

# किसानमजदूर संगठन ने अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता को बंधक बनाया

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगढ़।

किसानमजदूर संगठन की महापंचायत मुख्य अभियंता दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के कार्यालय रामघाट रोड पर जिलाध्यक्ष बंटी जादौन के नेतृत्व में हुई जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव डॉ शैलेन्द्र पाल सिंह ने की मुख्य अभियन्ता कार्यालयों पर शुक्रवार को मुख्य अभियंता महोदय के कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

किसान कार्यालय के मुख्य गेट पर बैठकर नारे लगाने लगे तो ताला नगरी अवर अभियंता विवेक सारस्वत किसानों के बीच पहुंचे और समझाने का प्रयास किया, लेकिन जुलाई में मात्र 11 दिन 10 घण्टे बिजली मिलने और 19 दिन 3 घण्टे से 9 घंटे बिजली क्यों मिली और उसकी पूर्ति क्यों नहीं की जा रही इसका कोई जवाब नहीं देने पर अपने बीच बिठा लिया संगठन के पदाधिकारियों ने ताला बंदी या रामघाट रोड जाम करने की धमकी दिए जाने पर अधीक्षण अभियंता उमेश जैन एवं तालानगरी अधिशाषी अभियंता राहुल बाबू कटियार किसानों के बीच पहुंचे

मंडल प्रभारी गवेंद्र सिंह ने कहा कि इस समय धान की फसल के लिए पानी की बहुत आवश्यकता है सभी ग्रामीण फीडरॉन पर सरकार द्वारा 10 घंटे की घोषणा के बावजूद 5 से 6 घंटे ही बिजली मिल पा रही है जिससे फसल नष्ट होने के कगार पर है कनिष्क अभियंता एवं अवर अभियंता कोई सुनवाई नहीं कर रहे 27 मई को मुख्य अभियंता को ज्ञापन के माध्यम से विभिन्न समस्याओं को अवगत कराया था लेकिन आज तक कोई निदान नही हुआ

इस दौरान मण्डल अध्यक्ष ऋषि प्रताप सिंह, अमित सारस्वत, जिला प्रभारी श्रीपाल चौहान और राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह किसानों की लड़ाई लड़ रहे हैं आप एकजुट होकर के किसान मजदूर संगठन को मजबूत करने का कार्य करें और 21 सितम्बर से शुरू होने वाली किसान मजदूर अधिकार यात्रा के लिए तैयार रहना है।

जिला उपाध्यक्ष विकास राजपूत, तहसील अध्यक्ष कोल देवराज सिंह ने कहा कि भड़ासी फीडर बिनुपुर फीडर बरौली फीडर की ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर 12 घण्टे बिजली दी जाए एवं जर्जर लाइनों के तार बदलने की मांग की।

इस दौरान उमेश जैन अधीक्षण अभियंता महोदय ने जांच कराकर 1 सप्ताह के अंदर कार्यवाही करने का भरोसा दिया एवं किसान को 10 घंटे बिजली देने,48 घण्टे में ट्रांसफार्मर बदलने एवं 7 दिन अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने का लिखित आश्वासन दिया।

आज महापंचायत में ओमवीर चौधरी नीरज राजपूत कुमार पाल अतुल सिंह किशन चौहान अंशुल जादौन सुरेंद्र चौधरी सलीम खान वेद प्रकाश खेम सिंह गंगदेव शर्मा जितेंद्र पाल सिंह नन्हेखा लव चौधरी रविंद्र पाल सिंह अनिल कुमार राजपूत अनिल शर्मा बलबीर सिंह देवेंद्र सिंह गुड्डू सत्येंद्र सिंह चौहान हरकेश चौहान विवेक प्रताप सिंह बलराम तोमर, गुलाब तोमर रोहित सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने उपजिला अधिकारियों के बदले कार्यक्षेत्र

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से देर रात कई उपजिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। साथ ही विभिन्न अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार भी दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार जनपद की तीनों तहसीलों में दो-दो उपजिलाधिकारियों की तैनाती की गई है, ताकि आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो सके। सभी उपजिलाधिकारियों को अतिरिक्त रूप से पावर डिस्ट्रीब्यूशन की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। तहसील सदर में विपिन कुमार को अपर उप जिलाधिकारी बनाया गया है।

वहीं अनवर राशिद फारूखी को सदर तहसील में एसडीएम न्यायिक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। हाल ही में एटा आए पीसीएस अधिकारी डॉ. शशि शेखर को अलीगंज का उप जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा पीसीएस अधिकारी रविंद्र सिंह को अलीगंज तहसील के एसडीएम न्यायिक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। साथ ही जलेसर तहसील का न्यायिक कार्यभार भी उन्हें सौंपा गया है।

# किडनी ट्रांसप्लांट से क्रॉनिक किडनी डिजीज के मरीजों को मिल सकता है नया जीवनः डॉ. विकास जैन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगढ़।

क्रॉनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है। डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और खराब जीवनशैली से जुड़ी दूसरी समस्याओं के कारण बड़ी संख्या में लोग किडनी फेल होने की स्थिति तक पहुंच रहे हैं। कई लोगों को यह जानकारी नहीं होती कि जिन मरीजों के लिए यह संभव हो, उनके लिए किडनी ट्रांसप्लांट सबसे प्रभावी और लंबे समय तक फायदा पहुंचाने वाला इलाज माना जाता है। इससे जीवन की गुणवत्ता बेहतर होती है, मरीज ज्यादा आत्मनिर्भर बनते हैं और लंबे समय तक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

इस बारे में जानकारी देते हुए डॉ. विकास जैन, यूरोलॉजी विभाग के एचओडी एवं कंसल्टेंट, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल द्वारका, नई दिल्ली ने कहा, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी दूसरी समस्याओं के बढ़ते मामलों के कारण क्रॉनिक किडनी डिजीज तेजी से बढ़ रही है। दुर्भाग्य से, किडनी से जुड़ी बीमारियों के शुरूआती चरण में अक्सर कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते। इसी वजह से कई मरीज तब डॉक्टर के पास पहुंचते हैं, जब किडनी को काफी नुकसान पहुंच चुका होता है। जो लोग जोखिम की श्रेणी में आते हैं, उन्हें नियमित जांच करवानी चाहिए। समय रहते बीमारी का पता चलने से उसकी रफ्तार को कम किया जा सकता है। जिन मरीजों में किडनी पूरी तरह से काम करना बंद कर देती है और जो चिकित्सकीय रूप से इसके लिए उपयुक्त होते हैं, उनके लिए किडनी ट्रांसप्लांट सबसे प्रभावी उपचार विकल्प साबित हो सकता है। सही देखभाल और नियमित जांच के जरिए मरीज लंबे समय तक बेहतर जीवन जी सकते हैं।

डॉ. विकास जैन ने युवाओं में बढ़ती किडनी की समस्याओं पर चिंता जताते हुए कहा कि जिम जाने वाले कई युवा बिना डॉक्टरी परामर्श के प्रोटीन पाउडर और सप्लीमेंट्स का अत्यधिक सेवन करते हैं, जो सीधे किडनी पर दबाव डालता है। इसके अलावा, बिना किसी सलाह के अक्सर ली जाने वाली पेनकिलर, गैस या नींद की गोलियों का नियमित सेवन भी किडनी को गंभीर नुकसान पहुँचा सकता है।

# शौंच को गए युवक की विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत

- खेत के पास लगे विद्युत पोल में दौड़ रहा था करंट
- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, परिवार में मचा कोहराम

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

थाना अमापुर के गांव नगला करन में खेत पर शोच के लिए गए तीस वर्षीय युवक की विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत हो गई, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

गुरुवार की शाम नगला करन निवासी खेतपाल का तीस वर्षीय पुत्र नेमेंद्र खेत पर सोच के लिए गया था। जब वह शौच के लिए बैठ रहा था कि खेत के समीप लगे विद्युत पोल में दौड़ रहे विद्युत करंट की चपेट में आए गया। आस पास मौजूद लोगों ने जब यह देखा तो परिजनों को सूचना दी मौके पर पहुंचे परिजन उसे उपचार की लिए जिला अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक नए परिक्षण के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस की दी गई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया ओर शब पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एएसपी सुशील कुमार ने बताया कि वह स्वयं मौके पर गाये थे शब पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, घटना इत्तेफाकिया है फिर भी परिजन जो भी तहरीर देंगे उसके आधार पर कार्यवाही कि जाएगी।

**दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया।**

मृतक के भाई रवेंद्र ने बताया कि ननेंद्र का विवाह चार साल पूर्व हुआ था, उस पर तीन साल की बेटी भारती और दस माह का बेटा लवेश है, दोनों बच्चों के सिर से बाप का साया उठ गया है ननेंद्र की मौत से परिवार को बड़ी क्षति हुई है।

# पुलिस मुठभेड़: अन्तर्जनपदीय पशु चोर गिरफ्तार

## : आरोपित का है आपराधिक इतिहास दर्ज है दर्जनो मुकद्दमे



- पुलिस की गोली से घायल आरोपित की जिले अस्पताल मे कराया गया भर्ती

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री आंचल चौहान के नेतृत्व में थाना कासगंज पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने हजारा नहर पटरी के समीप से मुठभेड़ मे एक अंतर्राज्यीय पशु चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गोली से घायल को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है, एसपी ने मौके का निरीक्षण किया है।

देर रात थाना कासगंज पुलिस व एसओजी टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तिएवं वाहनों की चैकिंग की जा रही थी ।

चैकिंग के दौरान पुलिस को जानकारी मिली एक बदमाश मार्ग से बाइक द्वारा गुजर रहा है ।पुलिस द्वारा नहर पटरी से ततारपुर को जाने वाले रास्ते पर पेड़ की आड़ लेकर बदमाश के आने का इन्तजार कर रहे थे तभी एक मोटरसाइकिल सवार के पास आने पर पुलिस पार्टी द्वारा टार्चों की रोशनी से उसको रोकने का प्रयास किया तो बाइक सवार द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी, पुलिस पार्टी द्वारा जबाबी कार्यवाही में आत्मरक्षार्थ फायरिंग की गयी जिसमें मोटर साइकिल सवार व्यक्ति के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल होकर गिर गया । घायल की पहचान रफीक बंजारा निवासी नदरई थाना व जिला कासगंज के रूप में हुई ।

घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है । घटना के सम्बन्ध में थाना कासगंज पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

अभियुक्त जनपद अलीगढ़, एटा, हाथरस, कासगंज व आगरा में सक्रिय रहकर अपराध करता है आरोपित जनपद अलीगढ़ के थाना टप्पल दर्ज एक आपराधिक मामले में 25 हजार का पुरस्कार घोषित वांछित अपराधी है । ओ पी सिंह एसपी कासगंज

**आरोपी से हुई बरामदगी।**

01 अवैध तमंचा 315 बोर ।

02 जिन्दा व 2 खोखा कारतूस 315 बोर

चोरी की 01 मोटर साइकिल हीरो स्पलेण्डर प्रो रंग काला हरा

## ऑपरेशन थिएटर से प्रशासन तक का सफरः

# दिल्ली के नेत्र सर्जन डॉ. शशी शेखर बने अलीगंज के नए एसडीएम

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

डीएम अरविंद सिंह के प्रशासनिक फेरबदल में मिली खामियों को लेकर बातचीत में डॉ. शशी शेखर ने कहा कि उनकी प्राथमिकता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि तहसील में प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाएगा। उसका समयबद्ध, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े मामलों में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विशेष रूप से भूमि विवादों का त्वरित निस्तारण, न्यायालयों में लंबित मामलों का समयबद्ध समाधान और आम जनता को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत दिलाना उनकी कार्यप्रणाली का अहम हिस्सा रहेगा।

1 अप्रैल 2023 को मिला नियुक्ति पत्र, बाराबंकी और अंबेडकर नगर में निभाई अहम जिम्मेदारियां

डॉ. शशी शेखर ने बताया कि 2022 बैच के पीसीएस अधिकारी के रूप में चयन होने के बाद उन्हें 1 अप्रैल 2023 को नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ। इसके बाद उन्होंने 1 अप्रैल 2023 से 1 मार्च 2024 तक बाराबंकी में डिप्टी कलेक्टर के रूप में कार्य किया। इसके उपरांत 2 मार्च 2024 से 14 जुलाई 2026 तक अंबेडकर नगर में डिप्टी कलेक्टर के पद पर अपनी सेवाएं दीं। 14 जुलाई 2026 को उनका स्थानांतरण एटा जनपद के लिए हुआ और 15 जुलाई 2026 को उन्होंने एटा में अपना योगदान दिया। अब जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा किए गए प्रशासनिक फेरबदल के बाद उन्हें अलीगंज तहसील का उपजिलाधिकारी बनाया गया है।

### अधीनस्थ अधिकारियों के साथ जल्द होगी समीक्षा बैठक

नवागत एसडीएम ने बताया कि वह शीघ्र ही सभी राजस्व अधिकारियों, कानूनगो, लेखपालों एवं अन्य अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा, जन शिकायतों के निस्तारण, कानून-व्यवस्था, राजस्व कार्यों और शासन की प्राथमिकताओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

### ऑपरेशन थिएटर छोड़ चुनी प्रशासनिक सेवा, दिल्ली में रहे नेत्र सर्जन

डॉ. शशी शेखर का सफर चिकित्सा सेवा से प्रशासनिक सेवा तक पहुंचा है। उन्होंने बताया कि पीसीएस में चयन से पहले वह दिल्ली में नेत्र (आंख) रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में रहते हुए अनेक मरीजों का उपचार किया और चिकित्सा सेवा के माध्यम से समाज की सेवा की। उनकी शैक्षणिक योग्यता पीजी इन ऑप्थैल्मोलॉजी है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर के रूप में मरीजों की सेवा करते समय जो संवेदनशीलता और जिम्मेदारी सीखी, वही भावना अब प्रशासनिक कार्यों में भी दिखाई देगी।

### जनता से किया भरोसा

**संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन मिलेगा**

दिल्ली निवासी डॉ. शशी शेखर ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि अलीगंज तहसील में प्रशासन पूरी तरह जनकेंद्रित और जवाबदेह बने। राजस्व मामलों का समयबद्ध निस्तारण, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना, शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और आम नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य जनता को राहत देना है। हर फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना जाएगा और उसका समाधान नियमानुसार तथा समयबद्ध तरीके से कराया जाएगा। डॉ. शशी शेखर की नियुक्ति को अलीगंज तहसील के लिए महत्वपूर्ण प्रशासनिक बदलाव माना जा रहा है

इस बारे में जानकारी देते हुए डॉ. विकास जैन, यूरोलॉजी विभाग के एचओडी एवं कंसल्टेंट, एचसीएमसीटी अणिपाल हॉस्पिटल द्वारका, नई दिल्ली ने कहा, ष्डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी दूसरी समस्याओं के बढ़ते मामलों के कारण क्रॉनिक किडनी डिजीज तेजी से बढ़ रही है। दुर्भाग्य से, किडनी से जुड़ी बीमारियों के शुरूआती चरण में अक्सर कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते। इसी वजह से कई मरीज तब डॉक्टर के पास पहुंचते हैं, जब किडनी को काफी नुकसान पहुंच चुका होता है। जो लोग जोखिम की श्रेणी में आते हैं, उन्हें नियमित जांच करवानी चाहिए। समय रहते बीमारी का पता चलने से उसकी रफ्तार को कम किया जा सकता है। जिन मरीजों में किडनी पूरी तरह से काम करना बंद कर देती है और जो चिकित्सकीय रूप से इसके लिए उपयुक्त होते हैं, उनके लिए किडनी ट्रांसप्लांट सबसे प्रभावी उपचार विकल्प साबित हो सकता है।

# पर्वों की श्रृंखला को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन की व्यापक तैयारी, पांच जोन में तैनात किए गए जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) संगमलाल ने बताया है कि जनपद में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आरंभ हो रही श्रावण मास में कावड़ यात्रा, शिवरात्रि, स्वतंत्रता दिवस, ईद-ए-मिलाद/बारावफात, रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आदि पर्व/त्यौहार मनाया जाएगा। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

जनपद की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी अरविन्द सिंह के निदेर्शानुसार समस्त थाना क्षेत्रों में सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है, जिससे सभी धार्मिक आयोजनों के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे।

उन्होंने बताया कि प्रथम जोन हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट श्वेता सिंह को जोनल मजिस्ट्रेट, तथा क्षेत्राधिकारी नगर तैनाती को पुलिस अधिकारी एवं कोतवाली नगर के लिए खण्ड विकास अधिकारी जैथरा अजीत सिंह, कोतवाली देहात के लिए उपायुक्त मनरेगा प्रभु दयाल, बागवाला के लिए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी दिग्विजय सिंह को नामित किया है।

द्वितीय जोन हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट(न्यायिक अलीगंज) रवीन्द्र सिंह, को जोनल मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी सदर को पुलिस अधिकारी तथा मारहरा के लिए खंड विकास अधिकारी मारहरा सुधाकर दुबे, मिरहची के लिए नायब तहसीलदार तहसील सदर सुशील कुमार, पिलुआ के लिए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग(नि0ख0) आदर्श कुमार वर्मा को तथा तृतीय जोन हेतु अपर उप जिला मजिस्ट्रेट एटा विपिन कुमार जोनल मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी सकीट को पुलिस अधिकारी, सकीट के लिए खंड विकास अधिकारी सकीट उमेश चन्द्र अग्रवाल, मलावन के लिए श्रम पूर्ति निरीक्षक सकीट गुलशन कुमार, रिजोर के लिए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी यश कुमार वर्मा को नामित किया है।

चतुर्थ जोन हेतु डिप्टी कलेक्टर डॉ0 शशि शेखर को जोनल मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी अलीगंज को पुलिस अधिकारी तथा अलीगंज के लिए तहसीलदार अलीगंज संजय कुमार, जैथरा के लिए खंड विकास अधिकारी अलीगंज/जैथरा शिवशंकर शर्मा, नयागांव के लिए पशु पूर्ति निरीक्षक अलीगंज हरीश राज रंजन, राजा का रामपुर के लिए नायब तहसीलदार तहसील अलीगंज हिमांशू पांडेय, जसरथपुर के लिए नायब तहसीलदार तहसील अलीगंज वरुण कुमार, तथा पंचम जोन हेतु

उप जिला मजिस्ट्रेट, जलेसर पीयूष रावत को जोनल मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी जलेसर को पुलिस अधिकारी, जलेसर के लिए तहसीलदार जलेसर सन्दीप सिंह, निधौली कलां के लिए पूर्ति निरीक्षक मारहरा ए0 के0 राना, अवागढ़ के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी अनुपम अवस्थी, सकरौली के लिए खंड विकास अधिकारी जलेसर पीयूष आनंद को नामित किया है।

# अगले साल होने वाले वनडे विश्वकप के वेन्यू घोषित

## दक्षिण अफ्रीका में आठ स्थलों पर होंगे मैच, जिम्बाब्वे में तीन, नामीबिया के एक शहर में एक

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में होने वाले 2027 वनडे विश्व कप के लिए 12 वेन्यू तय कर लिए गए हैं। सह-मेजबान दक्षिण अफ्रीका के आठ स्टेडियम इन खेलों की मेजबानी करेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। यह प्रतिष्ठित 50 ओवर का टूनामेंट 24 साल बाद दक्षिण अफ्रीका में वापसी कर रहा है। इससे पहले 2003 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और केन्या ने आठवें पुरुष क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी की थी।

जोहानिसबर्ग में आयोजित एक भव्य समारोह में दक्षिण अफ्रीका के आठ शहरों, जिम्बाब्वे के तीन शहरों और नामीबिया की राजधानी विंडहोक को टूनामेंट के सह-मेजबान के रूप में प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर ग्रीम स्मिथ, मखाया एनटिनी, हाशिम अमला, तेम्बा बावुमा और कगिसो रबाडा के अलावा जिम्बाब्वे के हैमिल्टन मासकाद्ज़ा और नामीबिया के रुडोल्फ जानसेन वान वुरेन भी मौजूद थे।




### किस देश के कितने वेन्यू

दक्षिण अफ्रीका के आठ शहर, जिम्बाब्वे के तीन और नामीबिया का एक शहर अगले साल होने वाले इस वैश्विक टूर्नामेंट के मुकाबलों की मेजबानी करेंगे। इन तीनों देशों के किन स्टेडियम में वनडे विश्व कप 2027 के मैच होंगे...

**दक्षिण अफ्रीका के इन स्टेडियम में होंगे मैच**

- वांडरर्स स्टेडियम (जोहानिसबर्ग),
- सुपरस्पोर्ट पार्क, सेंचुरियन (श्वाने),
- न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड (केपटाउन),
- किंग्समीड क्रिकेट ग्राउंड (डरबन),
- सेंट जॉर्ज पार्क (गकेबेर्हा),
- मंगाउंग ओवल (ब्लोमफोंटेन),
- बोलैंड पार्क (पार्ल)
- बफेलो पार्क (कुगोम्पो सिटी)

**जिम्बाब्वे के तीन शहर करेंगे मेजबानी**

- हरारे स्पोर्ट्स क्लब (हरारे)
- क्वींस स्पोर्ट्स क्लब (बुलावायो)
- फाले मोसी-ओआ-टुन्या अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम (विक्टोरिया फॉल्स)

**नामीबिया:** नामीबिया क्रिकेट ग्राउंड (विंडहोक)

आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा, 24 साल बाद इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की दक्षिण अफ्रीका में वापसी क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। हमें पूरा विश्वास है कि दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया एक यादगार आयोजन करेंगे, जो उस गर्मजोशी, जुनून और समृद्ध विविधता को प्रदर्शित करेगा जो इस क्षेत्र को वास्तव में अनूठा बनाती है।

### नए प्रारूप में होगा टूर्नामेंट

आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2027 में 57 मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में अधिक प्रतिस्पर्धा और रोमांच लाने के लिए तीन चरणों वाला नया प्रारूप अपनाया गया है। सबसे पहले सुपर सीरीज खेली जाएगी जिसमें रैंकिंग में 12वें से 14वें स्थान पर रहने वाली तीन टीम राउंड-रॉबिन प्रारूप में आमने-सामने होंगी। इसमें विजेता टीम अगले चरण में पहुंचेगी। इसके बाद 12 टीम के बीच 30 मैच का चरण होगा। देशों की टीम को छह-छह टीम के दो ग्रुप में बांटा जाएगा और दोनों ग्रुप में राउंड-रॉबिन आधार पर मुकाबले होंगे। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष तीन टीमें, साथ ही दोनों ग्रुप में चौथे स्थान पर रहने वाली टीम में से बेहतर प्रदर्शन करने वाली एक टीम सुपर-7 चरण में पहुंचेगी। सुपर-7 चरण में कुल 21 राउंड-रॉबिन मैच खेले जाएंगे। इसके बाद शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। सेमीफाइनल में सुपर-7 में शीर्ष पर रहने वाली टीम का मुकाबला चौथे स्थान की टीम से होगा जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें दूसरे सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगी।

# टीम इंडिया के लिए खुशखबरी! जसप्रीत बुमराह पूरी तरह फिट

## श्रीलंका के खिलाफ दोनों टेस्ट खेलने की मिली मंजूरी



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारतीय क्रिकेट टीम को श्रीलंका दौरे से पहले बड़ी राहत मिली है। तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अनिवार्य फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। इसके साथ ही वह अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलने के लिए पूरी तरह फिट घोषित कर दिए गए हैं। बुमराह को हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान प्रभाव (इम्पैक्ट) चोट लगी थी। इसी वजह से उन्हें लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे वनडे से बाहर बैठना पड़ा था। हालांकि अब मेडिकल टीम ने उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी है।

**बीसीसीआई अधिकारी ने क्या कहा?**

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से कहा, 'जसप्रीत बुमराह अपनी इम्पैक्ट इंजरी से पूरी तरह उबर चुके हैं। उन्होंने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस द्वारा निर्धारित सभी फिटनेस टेस्ट पास कर लिए हैं। उम्मीद है कि वह दोनों टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे, क्योंकि वह टीम की योजनाओं का अहम हिस्सा हैं।'

### 15 अगस्त से शुरू होगी टेस्ट सीरीज

भारत और श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 15 अगस्त से गॉल में खेला जाएगा। दूसरा और अंतिम टेस्ट 23 अगस्त से कोलंबो में होगा।

### डब्ल्यूटीसी फाइनल की दौड़ में अहम होगी यह सीरीज

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में भारत के लिए यह सीरीज बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। फाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए टीम इंडिया को अपने बचे हुए नौ टेस्ट मैचों में से कम से कम सात जीतने होंगे। ऐसे में श्रीलंका के खिलाफ 2-0 से सीरीज जीतने का लक्ष्य भारतीय टीम के लिए काफी अहम होगा। इसके बाद भारत को न्यूजीलैंड के कठिन विदेशी दौरे पर भी जाना है।

### चोटों से जूझ रही है टीम इंडिया

- हालांकि बुमराह की वापसी राहत लेकर आई है, लेकिन भारतीय टीम अभी भी कई चोटों से परेशान है।
- हर्षित राणा हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर हैं।
- नीतीश रेड्डी क्वाड्रिसेप्स चोट से उबर रहे हैं।
- वॉशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग चोट के चलते पहला टेस्ट नहीं खेल पाएंगे।

# मनोरंजन

# 'प्रीति मेरे करियर का सबसे यादगार किरदार..'

कुछ किरदार सिर्फ पर्दे पर नहीं रहते, कलाकार के भीतर भी बस जाते हैं। अभिनेत्री महिमा मकवाना के लिए 'मुसाफिर कैफे' की 'प्रीति' ऐसा ही किरदार रही। महिमा कहती हैं कि इस रोल ने उन्हें खुद को स्वीकार करना और खुद से प्यार करना सिखाया। एक दैनिक अखबार से बातचीत में उन्होंने अपने करियर, इंटीमेट सीन्स, टीवी से फिल्मों तक के सफर और मसूरी में अपने डॉग के नाम पर 'परिंदा कैफे' खोलने के सपने पर खुलकर बात की।

'स्क्रिप्ट पढ़ते ही प्रीति के किरदार से हो गया था प्यार'

महिमा कहती हैं कि 'मुसाफिर कैफे' की स्क्रिप्ट पढ़ते ही उन्हें लगा कि वह प्रीति का किरदार निभाना चाहती हैं। 'जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ी, तभी मुझे लगा कि मुझे प्रीति ही बनना है। वह बहुत एस्पिरेशनल है। सोलो ट्रैवल करती है, अपने आसपास के लोगों को अपनापन महसूस कराती है, बहुत अच्छी लिस्नर है और बेहद इमोशनली इंटेलिजेंट है। अगर मुझे कभी असल जिंदगी में प्रीति मिले, तो मैं उससे दोस्ती जरूर करना चाहूंगी। वह ऐसी इंसान है, जो आपको रास्ता भी दिखाएगी और यह भी महसूस कराएगी कि आप अकेले नहीं हैं।'

**'इस किरदार ने मुझे खुद को स्वीकार करना और खुद से प्यार करना सिखाया'**

महिमा के लिए 'प्रीति' सिर्फ एक रोल नहीं रही। वह मानती हैं कि इस किरदार ने उनकी निजी जिंदगी पर भी असर डाला ..'मुझे पहले खुद को स्वीकार करना बहुत मुश्किल लगता था। आसपास का शोर और लोगों की बातें कहीं न कहीं असर करती थीं। लेकिन प्रीति ने मुझे खुद को एक्सेप्ट करना सिखाया। उसने मुझे खुद से प्यार करना सिखाया। मुझे एहसास हुआ कि जब तक आप खुद को आजादी नहीं देंगे... तब तक आप अपने आसपास के लोगों को भी आजादी महसूस नहीं करा पाएंगे। मेरे लिए इससे बड़ा गिफ्ट कोई नहीं हो सकता। मैं यह सिर्फ फिल्म प्रमोट करने के लिए नहीं कह रही हूं। मुझे सच में लगता है कि प्रीति मेरे करियर का सबसे यादगार किरदार रहेगी।'

**'25 की उम्र तक लगा था, जिंदगी के सारे जवाब मिल जाएंगे'**

जिंदगी और करियर के इस सफर ने महिमा का नजरिया भी बदला है। वह कहती हैं कि उम्र के साथ हर सवाल का जवाब नहीं मिलता, लेकिन सोच जरूर बदल जाती है 'मुझे लगता था कि 25-26 साल की उम्र तक सब कुछ समझ आ जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं होता। जिम्मेदारियां बढ़ती रहती हैं। जिंदगी में शोर हमेशा रहेगा। फर्क सिर्फ इतना है कि अब मैंने उसके बीच खुद को संभालना सीख लिया है। डर और इंसिक्योरिटी कई बार हमारे दिमाग में ऐसी कहानियां बना देते हैं, जो असल में होती ही नहीं हैं। इसलिए उन विचारों को ज्यादा ताकत नहीं देनी चाहिए। यह सुनने में थोड़ा फिलॉसॉफिकल लगता है, लेकिन यही मेरी रोज की प्रैक्टिस है।'

'मेडिटेशन ने मुझे जिंदगी के शोर से बाहर निकलना सिखाया'। महिमा बताती हैं कि इस सीरीज की शूटिंग के दौरान उन्होंने मेडिटेशन शुरू किया और धीरे-धीरे इसका असर अपनी जिंदगी में महसूस किया 'मैं यह नहीं कहूंगी कि मेडिटेशन ने मेरे जीवन का शोर पूरी तरह खत्म कर दिया, लेकिन उसने उसे काफी कम जरूर कर दिया। अब मैं खुद के पास जल्दी लौट पाती हूं।'





# 'रागिनी 3' में नजर आएंगी महवश; फिल्म का एलान कर जताई खुशी

महवश इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'रागिनी 3' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का उन्होंने आज शुक्रवार को आधिकारिक एलान कर दिया है। महवश ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए खुशी जाहिर की है। साथ ही एकता कपूर का आभार जताया है।

**महवश ने सेट से शेयर कीं तस्वीरें**

महवश ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने फिल्म 'रागिनी 3' का एलान करते हुए कुछ फोटोज शेयर की हैं, जो सेट की हैं। फिल्म को लेकर तैयारी चल रही हैं। एक तस्वीर में महवश ने हाथों में क्लैपरबोर्ड थाम रखा है, जिस पर लिखा है, 'रागिनी 3'।

**बोलीं- 'अपने प्यार से संभाल लेना दोस्तों'**

महवश ने लिखा है, 'अपनी अगली फिल्म 'रागिनी 3' का एलान करते हुए मैं बहुत उत्साहित हूं। जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मुझे यह मौका देने के लिए एकता कपूर मैम, बालाजी मोशन पिक्चर्स, श्रुति महाजन और हमारे निर्देशक शशांक घोष सर की हमेशा आभारी रहूंगी। बाकी तुम लोग अपने प्यार से संभाल लेना दोस्तों'।

**कौन-कौन है फिल्म में?**

बता दें कि इस फिल्म में महवश के अलावा आयुष शर्मा, जुनैद खान, तमन्ना भाटिया, नरगिस फाखरी और आरजे महवश जैसे कलाकार नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक नरगिस फाखरी इस हॉरर ड्रामा में एक पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाएंगी। इस फिल्म के जरिए दर्शकों को सस्पेंस, ह्यूमर और सुपरनैचुरल एलिमेंट्स का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। एकता कपूर की इस फिल्म में महवश की एंट्री पर उनके फैंस बधाई दे रहे हैं।

# फातिमा ने खुद को क्यों बताया मुसीबत खड़ी करने वाली लड़की?

फातिमा सना शेख अपनी अपकमिंग वेब सीरीज 'तीन कौवे' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर इस सीरीज में काम कर रहे कलाकारों के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने एक शानदार कैप्शन लिखा है। उन्होंने सभी साथियों को गैंगस्टर बुलाया है।

**फातिमा की पोस्ट में क्या है?**

फातिमा सना शेख ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उसमें सिद्धांत गुप्ता और बॉबी देओल नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में फातिमा सबके साथ सेल्फी ले रही हैं। एक और तस्वीर में वह बॉबी देओल के साथ विक्ट्री साइन बनाते हुए पोज दे रही हैं। एक और तस्वीर में फातिमा सिद्धांत से बेबाकी से नजरें मिला रही हैं।

**मजेदार है कैप्शन**

तस्वीरें शेयर करते हुए फातिमा सना शेख ने लिखा 'गैंगस्टर। तीन कौवे गैंग। हम मजे में हैं। मैं सिर्फ एक लड़की हूं। सबसे अच्छी लड़की। मुसीबत खड़ी करने वाली। बॉबी देओल महान हैं। बात खत्म।'

**सीरीज की स्टारकास्ट**

आपको बता दें कि 'तीन कौवे' अमेजन प्राइम वीडियो पर आने वाली अपकमिंग सीरीज है। इसमें सिद्धांत गुप्ता, बॉबी देओल और फातिमा सना शेख मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसमें पावेल गुलाटी, रोनित रॉय, ईशा तलवार, चांदनी बैंज और फैसल मलिक भी हैं। इसका निर्देशन प्रियंका घोष कर रही हैं।

क्या है सीरीज की कहानी?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 'तीन कौवों' की कहानी एक ऐसे पूर्व सीक्रेट एजेंट के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे सात साल से मृत मान लिया गया था। मगर गद्दार करार दिए जाने के बाद वह अपना नाम साफ करने के लिए वापस लौटता है। यह सीरीज इस साल के आखिर में रिलीज हो



बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी 'टॉक्सिक' को लेकर चर्चा में हैं। वह आज अपना 35वां जन्मदिन मना रही हैं। अभिनेत्री को सोशल मीडिया पर पहले से ही फैंस बधाई दे रहे हैं। इस बीच 'टॉक्सिक' के मेकर्स ने खास अंदाज में अभिनेत्री को जन्मदिन की बधाई दी है। इसे मेकर्स की तरफ से उनका तोहफा माना जा रहा है।

**नए पोस्टर में क्या है?**

'टॉक्सिक' के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर 'नादिया' के रूप में कियारा आडवाणी का एक नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में अभिनेत्री लाल रंग के आउटफिट में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। उनकी गहरी नजर से लेकर उनके शीयर आउटफिट तक, पोस्टर में भरपूर ग्लैमर झलक रहा है। 'टॉक्सिक' की टीम ने किया विश

'टॉक्सिक' की टीम ने अभिनेत्री की फोटो वाला पोस्टर शेयर करते हुए लिखा 'हमारी नादिया को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई।'

**फैंस ने दी बधाई**

इस पोस्ट पर फैंस तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा 'जन्मदिन की बधाई, कियारा आडवाणी! आपको ढेर सारी खुशियां, ब्लॉकबस्टर सफलता और यादगार परफॉर्मेंस वाला एक और साल मिले। ऐसे ही चमकती रहें!'

दूसरे ने लिखा, 'ऐसी आंखें जो सब कुछ कह देती हैं। जन्मदिन की बधाई।'

कुछ लोगों ने इस मौके का फायदा उठाते हुए इस फिल्म के ट्रेलर की भी मांग की।

**किसलिए फिल्म को कहा हां?**

हाल ही में एक इंटरव्यू में कियारा ने बताया कि उन्होंने 'टॉक्सिक' के लिए हां क्यों कहा। उन्होंने फेमिना को बताया कि उन्हें हमेशा से गहरी कहानी और कई परतों वाले किरदारों में दिलचस्पी रही है। इसी बात ने उन्हें इस एक्शन थ्रिलर फिल्म की ओर आकर्षित किया। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें नादिया का किरदार बहुत अच्छे से लिखा हुआ और डिटेल में लगा।

कब रिलीज होगी 'टॉक्सिक'?

अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' में कियारा के अलावा नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मिणी वसंत भी हैं। कई बार टलने के बाद, यह फिल्म 26 अगस्त, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# 'टॉक्सिक' के मेकर्स ने कियारा को जन्मदिन पर दिया तोहफा?